दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | मध्यप्रदेश 4 | अभिव्यक्ति 7 | कारोबार/खेल

RNI NO - MPHIN/2017 /72749 भोपाल, सोमवार 5 जनवरी 2026 , कृष्ण पक्ष द्वितीया , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -9 अंक -229 पृष्ठ -08 मूल्य-4 भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

संगम तट पर कल्पवास शुरू, लाखों श्रद्धालुओं ने शुरू की एक महीने की कठिन साधना

नई दिल्ली। मां गंगा की गोदी में सबकी अपनी कामना, सबका अपना भक्ति-भाव। तंबुओं की नगरी में टेंट की बनी एक छोटी सी कुटिया, जिसमें सीमित सामग्री में सिमटी सकल गृहस्थी। शयन के लिए एक कोने में जमीन पर बिछा पुआल, दूसरे कोने में रसोई और एक कोने में चौकी पर विराजित रामचरित मानस, शंख और भगवान विष्णु का आसान। न कोई सांसारिक मोह-माया न ही कोई खेती-पाती की चिंता।

अभिलाषा यही कि जब तक शरीर साथ दे पतित पावनी मां गंगा के निमित्त जीवन समर्पित रहे। जीवन-मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिले। इसी भक्ति-भाव और अक्षय पुण्य की कामना के साथ माघ मास के पहले स्नान पर्व पर शनिवार को लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने कल्पवास का संकल्प लिया।

ब्रह्ममुहूर्त में गंगा स्नान कर कल्पवासियों ने मां गंगा का पूजन किया। घाट पर दीप, फल, पुष्प, मिष्ठान, नैवेद्य अर्पित कर संकल्प पूर्ण होने की कामना की। तीर्थपुरोहित को यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, द्रव्य आदि दान किया। स्नान-दान के बाद शिविर में हवन-पूजन कर मानस का पाठ, श्रीमद्भागवत पाठ व भजन-कीर्तन किया। शाम को पंडालों में सत्संग सुनने पहुंचे। कल्पवास के पहले दिन स्नान के लिए घर से आए लोगों के कारण शिविरों में चहल-पहल रही। सेक्टर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेले में नौकरी के साथ कल्पवास की साधना

अन्नपूर्णा मार्ग पर कल्पवास कर रहे करछना के जटाशंकर पांडेय मेला में राजस्व निरीक्षक का दायित्व संभाल रहे हैं। लेकिन वे अपने पिता माधव प्रसाद पांडेय के साथ कल्पवास भी करते हैं। स्नान-दान व स्वल्पाहार के बाद ड्यूटी पर चले जाते हैं और शाम को शिविर में आकर पिताजी की सेवा करते हैं। जटा शंकर का कहना है कि कल्पवास का यह भी नियम है कि मेला क्षेत्र में ही प्रवास जरूरी है। वह मैं कर रहा हूं, लेकिन अपने शासकीय दायित्व को निष्ठा से निभा रहा हूं। इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य माधव प्रसाद 20 साल से कल्पवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल्पवास से मिली आत्मिक शक्ति से शारीरिक परेशानियां कमजोर हो जाती हैं।

पंचायत चुनाव की छूट गई चर्चा

करछना के शेष मणि पांडेय ने बताया कि कल्पवास करने से पूरी दिनचर्या बदल गई। गांव में अलाव के सामने बैठकर पंचायत चुनाव की चर्चा छूट गई। घर पर रोज सुबह और शाम को बस प्रधानी के चुनाव पर ही बातचीत होती रहती थी। कोहड़ोर के रहने वाले दुर्गा प्रसाद पांडेय ने बताया कि घर पर गर्म पानी से स्नान करता था, लेकिन यहां तीन बार ठंडे जल से स्नान करना होगा।

आज बेबाक

कहते हैं न कि जो दूसरों के लिए गढ्ढा खोदता है वह खुद कुएं में गिरता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत को झुकाने के लिए उसकी राह में कांटे बिछाए और टैरिफबम से डराने की कोशिश की लेकिन भारत की एक आंख फोड़ने के चक्कर में ट्रंप अपनी दोनों आंखें फोड़वा बैठे। भारतीय अर्थव्यवस्था तो तेजी से बढ़ रही है इसके उलट अमेरिकी अर्थव्यवस्था गढ्ढे में जा रही है। भारत को डेड इकानामी बताकर भारत से पंगा मोल लेने वाले अमेरिका की हालत आज यह है कि उसके सामने नंगा नहाए क्या और निचोड़े क्या वाली स्थिति बन गई है।

वेनेजुएला के गिरफ्तार राष्ट्रपति, उनकी पत्नी विमान से पहुंचे न्यूयॉर्क

वाशिंगटन। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को लेकर एक विमान न्यूयॉर्क के एक सैन्य अड्डे पर पहुंच गया है। इन दोनों को शनिवार तड़के वेनेजुएला में हुए अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान गिरफ्तार किया गया था। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सरकारी टेलीविजन चैनल पर प्रसारित राष्ट्रीय रक्षा परिषद के एक सत्र में राष्ट्रपति दंपति की तत्काल रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि श्री मादुरो वेनेजुएला के एकमात्र राष्ट्रपति हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका के हालिया हमलों और श्री मादुरो की गिरफ्तारी की पूरी दुनिया में निंदा एवं चिंता व्यक्त की गई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शनिवार को घोषणा किया कि वह वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी अभियान पर सोमवार को एक आपातकालीन बैठक आयोजित करेगा।

गंगा के प्रदूषण ने ली डॉल्फिन की जान, खुलासा- डैमेज हो गया था लिवर

नई दिल्ली। कानपुर के जाजमऊ पुल के पास मृत मिली डॉल्फिन की मौत गंगा में प्रदूषण से हुई है। पोस्टमार्टम में इस बात के संकेत डॉक्टरों को मिले हैं क्योंकि डॉल्फिन का लिवर डैमेज हो चुका था। फिलहाल, डॉल्फिन का विसरा जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट ही डॉल्फिन की मौत का सच बयां करेगी, फिलहाल बिसरा सुरक्षित रखा गया है। जाजमऊ स्थित पुराना और नया पुल के बीच गंगा नदी में किनारे की ओर शुक्रवार को मृत डॉल्फिन मिली थी। शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे चकेरी थाना पुलिस ने डॉल्फिन को वन विभाग को सौंपा। शनिवार को चिड़ियाघर के पशु चिकित्सकों ने डॉल्फिन का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चला। डॉल्फिन के पेट में चीरा लगाया गया तो लिवर देख डॉक्टर भी चौंक गए क्योंकि लिवर पूरी तरह काला हो चुका था। यह इस बात का संकेत दे रहा था कि गंगा में भारी धातुओं और रसायन का बढ़ता प्रदूषण डॉल्फिन की मौत की बना।

इंदौर में 3 दिन 8वीं तक के स्कूलों की छुट्टी :भोपाल में टाइमिंग बदली,मंदसौर-शाजापुर में दो दिन स्कूल बंद

कोहरे और कड़ाके की ठंड से कांपा प्रदेश

शीतलहर के चलते कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित है। नौगांव प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां तापमान 2.5 डिग्री तक गिर गया। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर समेत कई शहरों में दृश्यता बेहद कम रही और रेल यातायात प्रभावित हुआ। दिन के तापमान में भी गिरावट से ठिठुरन बनी रही। भोपाल जिले में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के स्कूल सोमवार से सुबह 9: 30 बजे के बाद संचालित होंगे।

मध्यप्रदेश इस समय भीषण ठंड और घने कोहरे की गिरफ्त में है। रविवार सुबह प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कोहरे की मोटी चादर छाई रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। छतरपुर जिले का नौगांव प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक ही रात में तापमान में 8 डिग्री से ज्यादा की गिरावट ने ठंड का असर और तेज कर दिया।राजधानी भोपाल, इंदौर और उज्जैन में सुबह के समय हालात इतने खराब रहे कि 50 मीटर आगे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। ग्वालियर, नर्मदापुरम, बालाघाट, रतलाम, दतिया, धार, गुना, रायसेन, राजगढ़, दमोह, जबलपुर, सागर, सतना, रीवा, छिंदवाड़ा और श्योपुर सहित कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा।

भोपाल में सुबह 9.30 बजे बाद खुलेंगे स्कूल

तेज ठंड और घने कोहरे को देखते हुए भोपाल जिले में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के स्कूल सोमवार से सुबह 9-30 बजे के बाद संचालित होंगे।जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर बताया कि यह व्यवस्था शासकीय, अशासकीय, ष्टक्रस्थ, ढ्ढष्टस्थ, अनुदान प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू रहेगी।

दिन में भी नहीं मिली राहत

रविवार को भोपाल में पूरे दिन कोहरा छाया रहा। इसके कारण दिन के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। ठंडी हवाएं चलती रहीं। प्रदेश के 11 शहरों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा, जिससे दिन में भी ठिठुरन महसूस की गई।

ठंड से थमी रफ्तार, ट्रेनें भी लेट

घने कोहरे का असर सड़क के साथ-साथ रेल यातायात पर भी पड़ा। दिल्ली की ओर से आने वाली मालवा, सचखंड और शताब्दी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें अपने तय समय से देरी से पहुंचीं। हाईवे और शहरों की सड़कों पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा।

नौगांव सहित इन इलाकों में सबसे ज्यादा ठंड

नौगांव के अलावा राजगढ़ में 5 डिग्री, दतिया में 5.1, पचमढ़ी में 6.4, शिवपुरी में 7, रतलाम में 7.4, श्योपुर और मंडला में 7.6 तथा खजुराहो में 8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश के बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे ठंडा रहा, जहां पारा 6.4 डिग्री तक पहुंच गया। भोपाल में 10.8, इंदौर में 11.8, उज्जैन में 11.4 और जबलपुर में 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जनवरी में और तेज होगी ठंड

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण मध्यप्रदेश में ठंड का असर बढ़ा है। इसके साथ ही जेट स्ट्रीम के सक्रिय होने से सर्द हवाएं तेज हो गई हैं, जिससे कोल्ड डे और शीतलहर की स्थिति बन रही है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि जनवरी में ठंड का यह दौर और तीखा हो सकता है। घना कोहरा, सर्द हवाएं और शीतलहर का असर अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक

■ शेख हसीना की सीट पर आरएसएस से जुड़े गोबिंद का नामांकन खारिज

ढाका/एं। बांग्लादेश में एक हिंदू नेता को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने संसदीय चुनावों के लिए गोपालगंज-3 सीट से पर्चा दाखिल किया था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने शनिवार को उनका नामांकन वापस कर दिया।

पूर्व पीएम शेख हसीना गोपालगंज-3 से सांसद थीं। यहां 50% से ज्यादा हिंदू वोटर्स हैं। गोबिंद निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते थे। वह पेशे से वकील हैं और बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत नामक संगठन के महासचिव भी हैं। BJHM कुल 23 संगठनों का हिंदुत्ववादी गठबंधन है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है।

खालिदा जिया की पार्टी पर लगाए गंभीर आरोप: रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोबिंद ने कहा कि बांग्लादेश में एक प्रावधान है जिसके हिसाब से एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपने इलाके के 1% वोटरों के साइन लाने होते हैं। वह नियम का पालन करते हुए 1त्न वोटरों के हस्ताक्षर लेकर आए थे, लेकिन बाद में उन वोटरों ने रिटर्निंग ऑफिसर से आकर कहा कि उनके साइन लिए ही नहीं गए थे।

प्रमाणिक की सीट पर 51% वोटर हिंदू

गोबिंद ने दावा किया है कि वो निर्दलीय चुनाव इसलिए लड़ना चाहते थे, क्योंकि उन्हें अपनी जीत पर भरोसा था। उनका कहना है कि गोपालगंज के 3 लाख मतदाताओं में से 51% हिंदू हैं। बीएनपी ने उन्हें रास्ते से हटाया क्योंकि यहां उसके जीतने की संभावना बिल्कुल भी नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करूंगा। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं कोर्ट भी जाउंगा।

बड़ा हादसा टला : एअर इंडिया फ्लाइट का फ्यूल लीक

जयपुर/वार्ता। राजस्थान के जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एअर इंडिया की फ्लाइट AI-622 में फ्यूल लीकेज की वजह से टेकऑफ रोक दिया गया। यह फ्लाइट शाम 7:55 बजे जयपुर से मुंबई के लिए रवाना होने वाली थी और एयरक्राफ्ट रनवे की ओर बढ़ रहा था।

इसी दौरान तकनीकी सिस्टम में खराबी का अलर्ट मिला, इसके बाद पायलट और ग्राउंड स्टाफने तुरंत टेकऑफ रोक दिया। वहीं, सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया और उन्हें वापस टर्मिनल बिल्डिंग में ले जाया गया।

अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आठ घंटे के लिए रिमांड पर लिए गए पूर्व विधायक दीपनारायण

झांसी (ए.)। यूपी के झांसी में डकैती और रंगदारी के मामले में फरार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव ने बीते साल 18 दिसंबर कोर्ट में पुलिस को चकमा देकर आत्मसमर्पण किया था। तबसे वह जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें तीन दिन की रिमांड पर लेने के लिए अर्जी दाखिल की थी। वहीं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए जीतेंद्र यादव की अदालत ने आठ घंटे की मंजूरी दी है।

पीएम मोदी ने नेशनल वॉलीबॉल चैंपिशनशिप का किया उद्घाटन, मथुरा पहुंचे भागवत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में देश की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी काशी ने खेल जगत में नया इतिहास रच दिया। सिगरा स्थित नवनिर्मित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 4 से 11 जनवरी तक आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा आज खेल समय बर्बादी का नहीं बल्कि जीवन की सफलता का माध्यम है। इस अवसर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों का स्वागत है।

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री जी, यह आपकी अविनाशी काशी भव्य आयोजन के लिए तैयार है।'' सबसे पहले प्रधानमंत्री जी का हृदय से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार सुबह मथुरा पहुंचे। कोहरे के कारण उनकी ट्रेन 'तेलंगाना एक्सप्रेस' अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से सुबह 6:30 बजे जंक्शन रेलवे स्टेशन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

भेंट... *राज्यपाल और मुख्यमंत्री में हुई समसामयिक विषयों पर चर्चा*

राज्यपाल पटेल से सीएम यादव ने की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री ने शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तकें की भेंट

भोपाल/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की शाम लोक भवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को 13 दिसम्बर 2025 को सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने की बधाई दी। राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश शासन की उपलब्धियों पर केंद्रित पुस्तकें भेंट की और मध्यप्रदेश में बीते दो वर्षों में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। राज्यपाल श्री पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस की थीम समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश रखी गई है। बीता वर्ष उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया था। कृषि वर्ष 2026 में आरंभ की जा रही सभी गतिविधियां अगले तीन साल का लक्ष्य तय कर संचालित की जा रही हैं। किसान कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सभी विभागों की सहभागिता होगी। कृषि वर्ष में किसानों को अन्य राज्यों एवं विदेशों में हो रहे सफल नवाचारों की जानकारी से रू-ब-रू भी कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि विश्व आर्थिक मंच 2026 की वार्षिक बैठक 18 से 23 जनवरी 2026 में स्विट्जरलैंड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नोएडा में 1000 से अधिक लोगों की पीएफ पेंशन रोकी

नोएडा (ए.) । नोएडा शहर के एक हजार से अधिक लोगों की पीएफ पेंशन रोक दी गई है। इन लोगों ने एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक पीएफ पेंशन के लिए आवश्यक जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) अपडेट नहीं कराया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अनुसार, जीवन प्रमाण पत्र दुरुस्त कराने पर इन लोगों को पेंशन फिर से मिलने लगेगी। नोएडा के 1085 लोगों ने पीएफपेंशन के लिए अपना जीवन प्रमाण पत्र अपडेट नहीं कराया है। इसमें एक से पांच साल तक जीवन प्रमाण पत्र दुरुस्त नहीं कराने वाले लोग शामिल हैं।

भविष्य निधि आयुक्त प्रथम सुयश पांडे ने कहा कि पीएफ पेंशन के लिए व्यक्ति को साल में एक बार अपना जीवन प्रमाण पत्र अपडेट कराना होता है। जिन लोगों ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की है और एक साल से अधिक समय हो गया है अब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

हिंदू सम्मेलन के निमित्त उज्जैन में मातृशक्ति की शौर्य यात्रा, भगवा ध्वज के साथ गूंजा राष्ट्रधर्म का उद्घोष

उज्जैन/नवप्रदेश। हिंदू सम्मेलन के पूर्व वातावरण निर्माण के उद्देश्य से रविवार 4 जनवरी 2026 को उज्जैन के अहिल्या बस्ती-केशव नगर क्षेत्र में मातृशक्ति की भव्य शौर्य यात्रा (हुंकार रैली) निकाली गई। इस रैली में माताएं-बहनें हाथों में भागवत ध्वज लिए राष्ट्रवाद और धर्म जागरण का संदेश देती नजर आईं। मातृशक्ति की यह शौर्य यात्रा रविशंकर उद्यान से प्रारंभ होकर बेगमपुरा, सूरज नगर, नलिया बाखल, सखिपुरा, इंदौर गेट क्षेत्र से होती हुई पुनः रविशंकर उद्यान पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में ÷राष्ट्रधर्म जागरण÷ के नारों से वातावरण गूंज उठा और स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के समापन अवसर पर सेवा भारती केंद्रीय समिति स्वालंबन सदस्य, भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं संगिनी ग्रुप की अध्यक्ष ममता सांगते ने आगामी 9 जनवरी को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा तथा 11 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर केशव नगर आयोजन समिति एवं अहिल्या बस्ती के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। मातृशक्ति की इस शौर्य यात्रा ने क्षेत्र में सामाजिक एवं धार्मिक चेतना को नया उत्साह प्रदान किया।

नववर्ष पर महाकाल मंदिर में रिकॉर्ड लड्डू प्रसाद बिक्री, एक दिन में 100 क्विंटल से अधिक बिका

उज्जैन/नवप्रदेश। नववर्ष के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और इसका सीधा असर लड्डू प्रसाद की बिक्री पर देखने को मिला। नए साल के पहले ही दिन मंदिर परिसर में 100 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसाद की बिक्री हुई, जिससे श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को 40 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार पहली बार लड्डू प्रसाद काउंटरों को 24 घंटे खुला रखा। बेहतर व्यवस्था के चलते दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और बड़ी संख्या में भक्तों ने बेसन एवं रागी से बने लड्डू प्रसाद खरीदे।

बेहतर रही लड्डू प्रसाद व्यवस्था

महाकाल मंदिर में नागपंचमी, महाशिवरात्रि जैसे बड़े पर्वों पर लड्डू प्रसाद की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण व्यवस्था का हिस्सा रहती है। चिंतामन स्थित यूनिट से लड्डू प्रसाद का निर्माण कर काउंटरों तक समय पर आपूर्ति करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, लेकिन नए साल के अवसर पर यह व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रही। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की और नववर्ष पर बाबा महाकाल के दर्शन व प्रसाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य माना।

विधायक सेवड़ा प्रदीप अग्रवाल ने किया पुलिस थाना लांच की बाउंड्री वॉल का लोकार्पण

दतिया/नवप्रदेश। सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने ग्राम लांच में विधायक निधि मद से निर्मित पुलिस थाना लांच की तीन लाख तीस हजार लागत से बनी बाउंड्री वॉल के लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री सूरज कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल द्वारा फीता काटकर नवीन बाउंड्री वॉल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एक नई दिशा लर्निंग सेंटर ई- लाइब्रेरी का थाना प्रांगण में उद्घाटन किया गया उक्त लाइब्रेरी में कंप्यूटर, एलईडी एवं पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता बच्चों के अध्ययन के लिए थाना प्रभारी द्वारा की गई है जिसकी विधायक श्री अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक दतिया श्री वर्मा द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई । इस दौरान उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि विकास प्रकृति का नियम है और विकास कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता भी है, पहले गांवों में बिजली, पानी, सड़कें, विद्यालय, अस्पताल कुछ नहीं थे। हमारी सरकार ने गांव के विकास के लिये अनेकों योजनाएं बनाई गई आज लगभग सभी गाँव पक्की सड़कों से जुड़ चुके हैं पीने के पानी के लिये सरकार ने नल जल योजना के माध्यम से हर घर में नल की व्यवस्था की है, जगह जगह विद्युत सब स्टेशन बनाकर गांवों को अच्छे वोल्टेज के साथ भरपूर बिजली मिल रही है, बच्चों के अध्ययन के लिये गांव में स्कूल, एवं इलाज के लिये अस्पताल की व्यवस्था हमारी सरकार द्वारा की गई है । हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योजना बनाई है कि वे गांवों का शहरीकरण करेंगे ,सबके पक्के मकान होंगे, सुंदर सड़कें होगी,पानी, बिजली, पार्क, विद्यालय, बाजार सब शहरों की भांति होगा इस दौरान सर्वश्री राम लखन सिंह गुर्जर, प्रवीण गौर, राजेश दांतरे, कपिल शर्मा, अखिलेश मुद्गल,सुजान सिंह रावत, विनोद उपाध्याय, अखिलेश दुबे, संतोष दुबे, मनोज पचौरी,रामेश्वर चौबे, नीतेश पुजारी, मनीष पुजारी, संतोष गुप्ता, राजेन्द्र परिहार, मनोज दुबे, लखन सिहारे, देवेंद्र श्रीवास्तव, लालाराम प्रजापति के अलावा बड़ी

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारी के कार्यों की गहन समीक्षा की

विदिशा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित आरो बैठक में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने खंड स्तर पर राजस्व अधिकारियों द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों की जानकारी ही प्राप्त नहीं की बल्कि जिले में राजस्व संबंधी क्रियान्वित कार्यों के संबंध में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन सह दिशा-निर्देश दिए। इसके पहले उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को जिले में कानून व्यवस्थाएं बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने तथा सूचना तंत्र को मजबूत रखने के लिए भी कहा है। बैठक के दौरान राजस्व वसूली, राजस्व न्यायालयीन प्रकरणो की समीक्षा, साईबर तहसील अन्तर्गत नामातंरण, तामीली, पटवारी रिपोर्ट, समस्त एस.डी.एम. न्यायालयीन प्रकरणो के निराकरण की स्थिति, समस्त तहसील न्यायालयीन प्रकरणो के निराकरण की स्थिति, नामान्तरणध् बंटवारा ध् सीमांकनध्अतिक्रमण, राहत राशि वितरण की समीक्षा (तहसीलवार), फार्मर रजिस्ट्रेशन, फसल गिरदावरी, आयोगध्जनशिकायतध्सर्तकता ध् जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन ध् शिकायत स्थिति, सी. एम. मॉनिट के आवेदन की स्थिति, समय सीमा पत्र, सी.एम. हेल्प लाईन, की समीक्षा, ग्रेडिंग माह, समाधान विषय, 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतो की स्थिति, सिविल सूट प्रकरणो की स्थिति, शासकीय विभागो को भूमि

आवंटन प्रकरणो की स्थिति, वन व्यवस्थापन, वन अधिकार के तहत निरस्तध्दावा का पुनः परीक्षण, वन राजस्व ग्राम समपरिवर्तन, आरआरसी, राजस्व अभिलेख में अमल दरामद की चर्चा की गई। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने साथ ही साथ बैठक में विभागीय समस्याओं के समाधान पर भी गहन चर्चा की। यहां उपस्थित विभागीय अधिकारियों से संवाद कर उन्होंने जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कुपोषण, निर्माण कार्यों, शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन सहित अन्य आवश्यक बिंदु पर चर्चा कर इन सभी कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं व जिज्ञासाओं का मौके पर समाधान कराया।

स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन बनाएं

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए की विदिशा जिले में संचालित शासकीय स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन स्थापित करने की पहल करना है जिन स्कूलों में बाउंड्रीवाल हैं उन स्कूलों में राजस्व अधिकारी ध्यान देते हुए न्यूट्रिशन गार्डन बनवाने की पहल करें। इस दौरान उन्होंने जिले के सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना तहत क्रियान्वित कार्यों की भी समीक्षा कर स्कूली बच्चों को भोजन वितरण से लेकर रसोई कक्ष व खाद्यान्न उठाव संबंधी जानकारियां प्राप्त की हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि जिले में जिन-जिन ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित की जाती हैं उन ग्राम सभाओं का निरीक्षण करें और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों विशेष कर सहरिया समुदाय के नागरिकों को भी शासन की चिन्हित सभी योजनाओं का लाभ मिले के प्रबंध सुनिश्चित कराएं।

यातायात व्यवस्थाओं का जायजा

बैठक में जिले की यातायात व्यवस्थाओं तथा सड़क मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों की भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निर्देश दिए गए हैं कि जिले के वह सड़क मार्ग जहां दुर्घटनाओं की संभावना रहती है या ब्लैक स्पॉट चिन्हित हैं वहां संकेतक बोर्ड सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करने वालों की विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मदिरा दुकानों के आसपास स्वच्छता बने

कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा आबकारी विभाग से संबंधित विषयों की भी समीक्षा की गई राजस्व अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया था कि कंपोजिट मंदिर दुकानों के आसपास स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जाता है जिस पर कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले की सभी कंपोजिट मदिरा दुकानों के आसपास गंदगी ना फैले, स्वच्छता बरकरार रहे इसके लिए साफ-सफाई के प्रबंध सुनिश्चित करें, साथ ही दुकान के पास दो डस्टबिन स्थापित किए जाएं। कलेक्टर द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी कच्ची शराब का विक्रय ना होने पाए इस पर विशेष नजर रखें यदि कहीं कच्ची शराब का निर्माण हो रहा है तो कार्यवाही की जाए।

अस्पताल में मरीजों को सारी सुविधाएं मिले और 108 एंबुलेंस समय पर पहुंचे -

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी राजस्व अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राजस्व अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण निरीक्षण कर मरीजों को अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं, मरीज

शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मिले शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए

कलेक्टर चौहान ने सुरेश नगर का आकस्मिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

ग्वालियर/नवप्रदेश। शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को ग्वालियर शहर के सुरेश नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया और पेयजल वितरण व्यवस्था की मौके पर ही समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कहीं पर भी अशुद्ध पानी वितरण की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। इस मौके पर नगर निगम के अपर आयुक्त श्री प्रतीक राव सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निरीक्षण के दौरान कहा है कि नगर निगम के माध्यम से गंदे पानी की कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसका तत्परता से निराकरण किया जाए। इसके लिये आवश्यक हो तो पाइप लाइन बदलने का कार्य भी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शहर में जिन क्षेत्रों में टंकियों के

माध्यम से पेयजल वितरण किया जा रहा है वहां पर टंकियों की सफाई का कार्य भी प्राथमिकता से कराया जाए। नगर निगम के मैदानी अधिकारी निरंतर भ्रमण कर अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल से संबंधित शिकायतों के निराकरण का कार्य करें। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भ्रमण के दौरान अपने-अपने क्षेत्र से पेयजल की सेम्पलिंग का कार्य भी करें। सेम्पलों की निरंतर प्रयोगशाला में जाँच भी कराई जाए। शहर में जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल से जल आपूर्ति होती है वहां पर नियमित क्लोरीनेशन का कार्य भी कराया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन, निगम के कंट्रोल रूम पर पेयजल से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं उसके निराकरण की नियमित समीक्षा भी की जाए। कार्य करने के पश्चात शिकायतकर्ता से विभागीय अधिकारी चर्चा कर निराकरण का सत्यापन करें। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट भी कर रहे हैं निरंतर मॉनीटरिंग प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भी पेयजल वितरण व्यवस्था, स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य विभाग की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव से दूरभाष से चर्चा कर कहा है कि आम जनों को शुद्ध पेयजल मिले, इसकी निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसको प्राथमिकता के साथ निराकृत की जाए। जिले के सभी अस्पतालों में भी उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों को भी शुद्ध पेयजल मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने नगर निगम आयुक्त से भी कहा है कि वे निगम के सभी अमले को नियमित भ्रमण कर स्वच्छता अभियान एवं पेयजल वितरण व्यवस्था की समीक्षा करने के लिये निर्देशित करें। निगम का अमला कहीं पर भी कोई शिकायत मिलती है तो उसके त्वरित निराकरण को प्राथमिकता से करे। स्वास्थ्य सुविधाओं को भी बेहतर से बेहतर करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। छात्रावासों के आरओ व पेयजल स्त्रोतों का भी करें निरीक्षण कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जनजाति कल्याण एवं स्कूल शिक्षा विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग के छात्रावासों में लगे वाटर प्यूरीफायर व आरओ एवं पेयजल स्त्रोतों की

शहरवासियों को खूब भा रहे हैं रसायन मुक्त खाद्यान्न व सब्जियां

जैविक हाट में प्राकृतिक रूप से उत्पादित खाद्यानों की हुई जमकर खरीददारी

शहरवासियों के लिये हर रविवार को कृषि कार्यालय परिसर के सामने लगती है जैविक हाट

ग्वालियर/नवप्रदेश। जैविक हाट (जैविक सेतु) में उपलब्ध रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से पैदा किए गए खाद्य उत्पाद ग्वालियर शहरवासियों को खूब भा रहे हैं। खासतौर पर हल्दी, चावल, गु?, आंवला, काला गेहूँ, ज्वार, दालें इत्यादि की खूब बिक्री हो रही है। यह जैविक हाट मेला रोड स्थित किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय

परिसर में हर रविवार को लगती है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जैविक हाट का निरीक्षण किया। साथ ही जैविक दालें खरीदीं और यूपीआई से भुगतान किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों को जैविक हाट का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जैविक हाट में मिलेट्स से बने व्यंजनों के स्टॉल लगवाने के लिये भी कहा। रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित अनाज व दालों के साथ- साथ अमरूद, आंवला एवं आलू, मूली, पालक, गाजर तथा अन्य सब्जियां भी जैविक हाट में उपलब्ध हैं। उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा श्री रणवीर सिंह जाटव ने बताया कि जैविक हाट में इस बार किसानों की लगभग 40 हजार रुपए की बिक्री हुई है। प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित हल्दी, चावल, गु?, आंवला व काले गेहूँ की लोगों ने खरीददारी की। इसके अलावा ज्वार, बाजरे का आटा, दालें व वर्मी कम्पोस्ट भी खूब बिके। जैविक हाट में बिक्री के लिये रखे गए सभी खाद्यान्न व सब्जियां वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, वर्मीवास इत्यादि जैविक खादों से पैदा की गई हैं। जैविक हाट में बिक्री के लिये रखे गए हर प्रकार के

मरीजों की सेवा के लिए पूर्ण मनोयोग के साथ सामाजिक संस्थाएं आगे आएं- कलेक्टर

रोटरी क्लब के तत्वावधान में 17 से 24 मार्च को मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में लगेगा वृहद स्वास्थ्य शिविर जिले के चिन्हित मरीजों को इलाज सुविधा हेतु ले जाने के लिए बैठक आयोजित

अशोकनगर/नवप्रदेश। मरीजों की सेवा के लिए पूर्ण मनोयोग के साथ सामाजिक संस्थाएं आगे आएं। विभिन्न बीमारियों से ग्रसित जिले के चिन्हित मरीजों को उचित इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु रोटरी क्लब के तत्वावधान में मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में 17 से 24 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले वृहद स्वास्थ्य शिविर में पहुंचाया जा सके । इस आशय के विचार कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन की सामाजिक संस्थाओं के साथ आयोजित बैठक में व्यक्त किए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्य में जिले की सभी सामाजिक संस्थाएं एवं संगठन हमेशा तत्परता के साथ आगे आकर सहयोग करती हैं। इस पुनीत कार्य में भी सभी का सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री की मंशानुरूप स्वास्थ्य शिविर को सार्थक बनाएंगे। जिले में मरीजों का चिन्हांकन जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्क्रीनिंग केम्पों का आयोजन कर किया जाएगा । चिकित्सकों द्वारा निर्धारित फार्मेट में पंजियों का संधारण किया जाएगा। साथ ही जिला मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में जिले से अधिक से अधिक मरीजों की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी । मेगा स्वास्थ्य शिविर के प्रसार प्रसार हेतु जिला पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतों में बैनर, पोस्टर लगवाए जाएंगे । इस अवसर पर मुंगावली विधायक श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा जनता के प्रति सेवा भावना की पहल को सार्थक करने हेतु मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजित जिला शिवपुरी में 17 मार्च 2026 से कराया जाएगा । पीडित मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। इस मेगा शिविर में मरीजों के इलाज की सारी सुविधाएं रहेंगी। इस पुण्य कार्य में हम सभी आगे आकर गरीब, असहाय लोगों की मदद करेंगे। जिले से मरीजों को भेजने की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंसर, किडनी, लीवर जैसी घातक बीमारियों से पीड़ित मरीजों का आगे भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मेगा स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन हेतु पूर्ण मनोयोग के साथ सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी ने कहा कि मानव सेवा ही नारायण की सेवा है। यह एक सेवा का अच्छा अवसर है। जिसके माध्यम से हम मरीजों की सेवा कर सकते है। उन्होंने कहा कि जिले से अधिक से अधिक मरीजों को मेगा स्वास्थ्य शिविर में आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ दिलाने हेतु सभी सार्थक प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि इस मेगा शिविर में बडी-बडी जटिल बीमारियों के चिकित्सक उपस्थित होकर मरीजों का निःशुल्क इलाज करेगें। मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सभी के सहयोग से कराई जायेगी। बैठक में रोटरी मेडिकल मिशन के सचिव श्री प्रदीप पाराशर द्वारा रोटरी मेडिकल मिशन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शिवपुरी में आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से सुझाव लिये गये। आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष श्री उदय चतुर्वेदी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन,अपर कलेक्टर श्री डी.एन.सिंह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी,जनप्रनिनिधिगण,सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इंदौर के दूषित पानी कांड को लेकर उज्जैन में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, सीएम हाउस मार्ग पर घंटा बजाकर किया विरोध

उज्जैन/नवप्रदेश। इंदौर में दूषित व जहरीले पानी से हुई 16 मौतों के मामले को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में कांग्रेस ने सीएम हाउस का घेराव किया। कांग्रेस विधायक एवं जिला नेतृत्व के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता घंटा बजाते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने बेरिकेटिंग कर उन्हें रास्ते में ही रोक लिया।

सीएम हाउस के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर घंटा बजाते हुए धरना दिया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

इस प्रदर्शन में कांग्रेस विधायक महेश परमार, दिनेश जैन बोस, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने शहर कांग्रेस कार्यालय से मुख्यमंत्री आवास तक रैली निकाली। रैली के दौरान कार्यकर्ता हाथों में घंटा लेकर चलते रहे और ÷मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस्तीफा दो÷, ÷दोषियों पर सख्त कार्रवाई करो÷ जैसे नारे लगाए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के लिए सरकार जिम्मेदार है और अब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मृतकों के परिजनों को न्याय दिलाने और जिम्मेदार अधिकारियों व मंत्रियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के चलते सीएम हाउस क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात एवं आवागमन प्रभावित रहा।

न्यूज गैलरी

रेशम उत्पादन बढ़ाकर उपलब्ध कराए जा रहे हैं रोजगार के अवसर : राज्यमंत्री जायसवाल

प्रदेश के 3600 मलबरी एवं 850 टसर कोकून उत्पादक कृषकों को स्व-रोजगार से जोड़ा

भोपाल/नवप्रदेश। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में रेशम का उत्पादन बढ़ाकर लोगों को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। विगत दो वर्षों में रेशम संचालनालय द्वारा निजी क्षेत्र में 231 एकड़ क्षेत्र में एवं शासकीय रेशम केन्द्रों पर 200 एकड़ क्षेत्र में नवीन मलबरी पौधरोपण किया गया है। साथ ही प्रदेश के 3,600 मलबरी एवं 850 टसर कोकून उत्पादक कृषकों को स्व-रोजगार से जो?ा गया है। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि पिछले दो वर्षों में 2.64 लाख किलोग्राम मलबरी कोकून एवं 31.51 लाख टसर कोकून का उत्पादन किया गया। प्रदेश में 5 हजार कृषकों को नवीन कोकून उत्पादन तकनीकी से प्रशिक्षित कर उल्लेखनीय कार्य किया गया है। प्रदेश में अभी तक 42 महिलाओं को रेशम उत्पादन से लखपति दीदी के रूप में चिन्हांकित किया गया है। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि आगामी तीन वर्षों में मलबरी कोकून उत्पादन में वर्तमान 1.50 लाख किलोग्राम से 4 लाख किलोग्राम स्तर तक वृद्धि की जायेगी। टसर कोकून उत्पादन में वर्तमान 40 लाख से 70 लाख तक की वृद्धि का लक्ष्य है। मलबरी पौधरोपण के क्षेत्र में अतिरिक्त नवीन 3500 एकड़ की वृद्धि की जाएगी। पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम में रेशम इंटरप्रिटेशन सेंटर प्रारंभ होगा। रेशम उत्पादों का विक्रय ई-कामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से प्रारंभ होगा। इसके अलावा नवीन प्राकृत शोरूम ग्वालियर, जबलपुर एवंइन्दौर में प्रारंभ होंगे।

रेशम समृद्धि कार्य-योजना

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि आगामी तीन वर्षों में 6 हजार 200 हितग्राहियों को कौशल उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने की कार्य-योजना तैयार की गई है। प्रदेश में 150 एकड़ क्षेत्र में मलबरी पौधरोपण के लिए नर्सरी तैयार होगी। साथ ही 3 हजार 500 एकड़ क्षेत्र में नवीन मलबरी पौधरोपण एवं 16 नई बीज इकाइयों को प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश में 10 नई धागाकरण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। धागाकरण, बुनाई, कार्यों हेतु नवीन उन्नत मशीनों की स्थापना होगी।

भोपाल के वार्ड-31 से भाजपा पार्षद को एसडीएम का नोटिस

जाति प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत पर कार्रवाई; 23 जनवरी को जवाब देना होगा

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के वार्ड-31 की भाजपा पार्षद बृजला सचान चुनाव के दौरान अपने जाति प्रमाण पत्र को लेकर घिर गई हैं। एक शिकायत के बाद टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने पार्षद को नोटिस जारी किया है, जिसमें 23 जनवरी तक जवाब देने को कहा गया है। जवाब नहीं देने की स्थिति में एकतरफा कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। बृजला सचान को महापौर मालती राय की करीबी माना जाता है। वे अक्सर कार्यक्रमों में महापौर के साथ नजर आती हैं। चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के राज सिंह को 1144 वोटों से हराया था। सचान को 2722 वोट मिले थे, जबकि राज सिंह को 1578 वोट प्राप्त हुए थे। उनके निर्वाचन के दौरान जाति प्रमाण पत्र को लेकर कोलार निवासी शैलेष सेन ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत के आधार पर एसडीएम अर्चना शर्मा ने पार्षद को नोटिस जारी किया है।

जाति प्रमाण पत्र संदिग्ध होने का हवाला

प्रियंका नगर कोलार निवासी सेन ने जो शिकायत की, उसमें पार्षद सचान के जाति प्रमाण पत्र के संदिग्ध होने का हवाला दिया गया। इस मामले में एसडीएम ने 23 जनवरी को दोपहर 3 बजे पार्षद या फिर उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यदि दोनों में कोई भी उपस्थित नहीं होता है तो एक पक्षीय कार्रवाई किए जाने की बात भी नोटिस में कही गई है।

पार्षद बोलीं-अभी व्यस्त हूं

पार्षद सचान पर आरोप है कि संदिग्ध जाति प्रमाण पत्र का उपयोग कर चुनाव जीता। हालांकि, इस नोटिस से पहले भी दो बार नोटिस जारी हो चुके हैं। इस मामले में जब पार्षद से चर्चा की गई तो उन्होंने व्यस्त होने का हवाला दिया।

भोपाल जीआरपी ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

सोते हुए यात्रियों के बैग चोरी करते थे; आरोपियों के पास से लाखों का सामान जब्त

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल जीआरपी ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात सहित कीमती मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया गया है। बरामद माल की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है।

थाना प्रभारी जहीर खान के मुताबिक, श्रीकांत कुमार निवासी सिवान ने पिछले साल 14 दिसंबर को थाना जीआरपी भोपाल में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने बताया कि वे 13 दिसंबर को भोपाल आए थे और रात अधिक होने के कारण भोपाल स्टेशन पर सो गए थे जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनका बैग गायब था। बैग में सोने का मंगलसूत्र, चांदी की चेन, चांदी की पायलें और पत्नी की अन्य ज्वैलरी रखी थी। मामले की जांच के लिए थाने की दो टीमें गठित की गई थीं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी समीर खान और अमन खान को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से चोरी का माल जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

अस्पताल में युवक की मौत पर बवाल, सीपीआर देते हुए नर्स का वीडियो वायरल, डॉक्टर समेत गार्ड अस्पताल से हुए गायब

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अक्षय हार्ट अस्पताल में 32 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। आक्रोशित परिजनों ने इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ की। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक नर्स अकेले मरीज को सीपीआर देती नजर आ रही है, जबकि मौके पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं दिख रहा। वीडियो में रिकॉर्डिंग कर रहा व्यक्ति अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति का आरोप भी लगाता सुनाई दे रहा है। हबीबगंज पुलिस के अनुसार, बरखेड़ी निवासी 32 वर्षीय विशाल जोगी को शनिवार शाम अक्षय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि कई बार आग्रह करने के बावजूद कोई सीनियर डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद विशाल की मौत हो गई, जिसके बाद परिजन

आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया।

सीपीआर का वीडियो बना विवाद की वजह

घटना से पहले का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में अस्पताल के वार्ड में केवल एक नर्स दिखाई दे रही है, जो बेड पर लेटे विशाल को सीपीआर देकर बचाने का प्रयास कर रही है। वीडियो बनाने वाला परिजन अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की गैरमौजूदगी का आरोप लगाता सुनाई देता है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि विशाल की हालत पहले से ही गंभीर थी और इसकी जानकारी परिजनों को दी गई थी। जैसे ही युवक की मौत हुई, 30 से अधिक लोग अस्पताल में एकत्र हो गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा गार्ड अस्पताल छोड़कर चले गए। उस समय केवल नाइट ड्यूटी पर तैनात दो सफाई कर्मचारी ही अस्पताल में मौजूद थे। परिजनों के गुस्से में अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। कांच, कुर्सियां और साइन बोर्ड तोड़ दिए गए। अस्पताल प्रबंधन ने इलाज में लापरवाही के आरोपों को निराधार बताया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिजनों द्वारा लगाए गए डॉक्टरों की अनुपस्थिति और इलाज में लापरवाही के आरोपों की जांच भी की जा रही है।

अस्पताल के स्टाफ के अनुसार, 30 से ज्यादा लोग अस्पताल में अचानक आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया। मामला बिगड़ता देख अस्पताल का स्टाफ समेत गार्ड तक मौके से खुद को बचाते हुए निकल गए थे। सिर्फ नाइट ड्यूटी वाले दो सफाई कर्मी ही अस्पताल में बचे थे।

परिजनों ने कांच-कुर्सियां तोड़ी

अस्पताल स्टाफ के अनुसार, विशाल की स्थिति पहले से गंभीर थी। इसकी सूचना परिजनों को पहले से थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने युवक को बचाने का पूरा प्रयास किया था। पहले से स्थिति की जानकारी होने के बाद भी परिजन युवक की मौत के बाद आक्रोशित हो गए। उन्होंने अस्पताल में लगे कांच, कुर्सियां, बोर्ड समेत अन्य सामान की तोड़ फोड़ कर दी।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत बोले- महिलाओं के कारण सुरक्षित है धर्म और संस्कृति

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में आयोजित मातृशक्ति संवाद कार्यक्रम में डॉ. मोहन भागवत ने महिलाओं को समाज, संस्कृति और राष्ट्र की असली ताकत बताया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, पारिवारिक संवाद और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया।

भोपाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शिवनेरी भवन में आयोजित मातृशक्ति संवाद कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने महिलाओं की भूमिका को समाज, संस्कृति और राष्ट्र की धुरी बताया। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म, संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था महिलाओं के कारण ही सुरक्षित है। कार्यक्रम की मूल भावना ÷नारी तू ही नारायणी÷ रही, जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण, प्रबोधन और सामाजिक जिम्मेदारी पर गंभीर विमर्श हुआ। मंच पर प्रांत संघचालक अशोक पांडेय और विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर उपस्थित रहे। डॉ. भागवत ने कहा कि अब वह समय नहीं रहा जब

महिलाओं को केवल सुरक्षा के नाम पर घर तक सीमित रखा जाए। आज परिवार और समाज दोनों को स्त्री-पुरुष मिलकर आगे बढ़ाते हैं, इसलिए दोनों का वैचारिक प्रबोधन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अवसर देना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके विचारों को मजबूती देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन इसे और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत है। सामाजिक चुनौतियों पर बोलते हुए सरसंघचालक ने कहा कि लव जिहाद जैसी समस्याओं की रोकथाम का पहला दायित्व परिवार का है। उन्होंने इसका बड़ा कारण परिवारों में संवाद की कमी बताया। उन्होंने कहा कि जब परिवार में खुला और निरंतर संवाद होगा, तब बेटियां बहकावे का शिकार नहीं होंगी। उन्होंने तीन स्तरों पर प्रयास की बात कही- परिवार के भीतर संवाद, बच्चियों को आत्मरक्षा और सावधानी के संस्कार देना, और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई। डॉ. भागवत ने नारी की भूमिका को सीमित नहीं बल्कि सशक्त बताते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में मातृत्व सर्वोच्च स्थान रखता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में महिला को शक्ति और गरिमा का प्रतीक माना गया है। रानी लक्ष्मीबाई जैसे उदाहरण बताते हैं कि भारतीय नारी हर काल में साहस और नेतृत्व का प्रतीक रही है। कुटुंब व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि परिवार को संतुलित और संवेदनशील बनाए रखने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक होती है। पालनकर्ता और सृजनकर्ता के रूप में महिला ही परिवार की धुरी है। उन्होंने कहा कि 'स्व' का भाव घर से समाज और राष्ट्र तक पहुंचाने में भी महिलाओं की अहम भूमिका होती है।

ग्राम, काम और राम से कांग्रेस को परेशानी

केंद्रीय मंत्री चौहान बोले- मनरेगा में 10 लाख से ज्यादा शिकायतें, फर्जी मजदूरों का खेल चला

भोपाल/नवप्रदेश। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस का ÷मनरेगा बचाओ संग्राम वास्तव में भ्रष्टाचार बचाओ संग्राम है। कांग्रेस के पेट में दर्द यही है कि अब भ्रष्टाचार की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास का विरोध करती रही है। कांग्रेस को ग्राम से परेशानी, कांग्रेस को काम से परेशानी, कांग्रेस को राम से परेशानी है। ये ही उनके राजनीतिक डीएनए की पहचान है। रविवार को दिल्ली में मीडिया से चर्चा में शिवराज ने लोकसभा की बहस का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस ने पूरी बात सुनने का साहस नहीं दिखाया। मैंने कहा था- मुझे सुनकर जाइए, लेकिन मेरी आवाज दबाने की कोशिश की गई। शिवराज सिंह ने कहा कि मनरेगा ईमानदार रोजगार का नहीं, भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गई थी। मजदूरों के नाम पर ठेकेदारों से काम होने लगा था और मशीनों से काम दिखाकर मजदूरी उठा ली गई। एक ही सड़क हर साल ÷नई÷ बना दी गई। 80 साल के ÷मजदूर÷ और फर्जी उपस्थिति के रिकॉर्ड नजर आए। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं के सोशल ऑडिट में 10 लाख 91 हजार से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब तक 8 लाख 48 हजार करोड़ रुपए ग्रामीण विकास पर खर्च किए जा चुके हैं, जबकि यूपीए शासन में यह राशि केवल 2 लाख करोड़ रुपए थी।

आप विधायक सोमनाथ भारती पर भोपाल में एफआईआर

भ्रामक जानकारी फैलाने के आरोप में की गई कार्रवाई

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ भोपाल क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर भारती ने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाई। एफआईआर मध्य प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी सतीश उपाध्याय की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, सोमनाथ भारती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (पूर्व ट्विटर) से एक पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में दावा किया गया था कि सतीश उपाध्याय के खिलाफ भोपाल की एक अदालत में परिवाद (शिकायत) लंबित है। सतीश उपाध्याय ने 19 नवंबर 2025 को अपने प्रतिनिधि के माध्यम से पुलिस कमिश्नर कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सोशल मीडिया पर जो दस्तावेज दिखाए गए। वे असली नहीं हैं बल्कि कूट रचना करके तैयार किए गए हैं। इन दस्तावेजों को जानबूझकर सार्वजनिक किया गया ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके।

आधा दर्जन बदमाशों ने घर में घुसकर मचाया उत्पात, महिला का सिर फोड़ा, स्कूटर में लगाई आग

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी भोपाल में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे दिनदहाड़े लोगों के घरों में घुसकर पूरे परिवार पर हमला कर रहे हैं। ताजा मामले में बदमाशों ने एक परिवार को लहूलुहान कर दिया, रात में स्कूटर में आग लगा दी और खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बावजूद पुलिस ने इसे सामान्य घटना बताते हुए मामूली मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को थाने से छोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने बागसेवनिया थाना पुलिस पर आरोपियों से सांठगांठ का सनसनीखेज आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार अखिलेश साहनी बागसेवनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बागमुगालिया

की क्षिप्रा कॉलोनी में परिवार सहित रहते हैं। अखिलेश ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले बदमाश अनुज, पवन, धर्मेंद्र, संदीप, भीम और उनके साथियों ने दिन में घर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला किया। हमले में उनका एक पैर पूरी तरह टूट गया, जबकि शरीर के अन्य अंगों में भी गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने उनकी पत्नी सुमन साहनी के सिर पर भी डंडे से वार कर सिर फोड़ दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। फरियादी अखिलेश साहनी ने बताया कि बदमाशों के खिलाफ उन्होंने बागसेवनिया थाने में शिकायत की, लेकिन पति-पत्नी दोनों पर हुए जानलेवा हमले के बावजूद पुलिस ने गंभीर धाराएं नहीं लगाईं। आरोप है कि पुलिस आरोपियों को थाने लेकर गई और उन्हें कुछ ही देर में छोड़ दिया। इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी रात में फिर आए और घर के बाहर खड़ी उनकी एक्टिवा को आग के हवाले कर दिया। स्कूटर में लगी आग की चपेट में आने से उनका एक बकरा भी आंशिक रूप से झुलस गया। सुमन साहनी ने आरोप लगाया कि उक्त सभी आरोपी युवक बदमाश प्रवृत्ति के हैं और अवैध गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने इन बदमाशों को शराब पीकर मोहल्ले में हंगामा करने से मना किया था। संभवतः इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने उनके और उनके पति पर जानलेवा हमला किया। सुमन ने बताया कि घटना के समय उनके बच्चे काम पर गए हुए थे,

इंदौर हादसे के बाद भोपाल अलर्ट मोड में, पानी व्यवस्था बदलेगी

15 साल पुरानी पाइप हटेंगी,जांच शुरू

भोपाल/नवप्रदेश। इंदौर हादसे के बाद भोपाल नगर निगम ने जल सप्लाई और सीवेज व्यवस्था की सघन जांच शुरू की है। शहर की 15 साल पुरानी पाइपलाइनों को चरणबद्ध तरीके से बदलने की तैयारी की जा रही है। झुग्गी बस्तियों और पुराने इलाकों में पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, तीन दिन में हजार से ज्यादा सैंपल की जांच हुई है। इंदौर के भागीरथपुरा में हुए हादसे के बाद भोपाल नगर निगम हरकत में आ गया है। शहर की जलापूर्ति और सीवेज व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में राजधानी की 15 साल पुरानी सभी पाइप लाइनों को चरणबद्ध तरीके से बदलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में उतरकर सीवेज लाइन, जल सप्लाई और सीपेज की शिकायतों की

मौके पर जांच कर रहे हैं।नगर निगम के अनुसार, शहर के कई इलाकों में सीवेज और पेयजल लाइनों के पास से गुजरने के कारण लंबे समय से लीकेज और गंदे पानी की आशंका बनी हुई थी। हाल की घटनाओं को देखते हुए अब किसी भी तरह का जोखिम लेने के बजाय पूरी व्यवस्था की गहन समीक्षा की जा रही है।

झुग्गी बस्तियों और पुराने इलाकों में विशेष जांच

भीम नगर, यादव मोहल्ला, कुशवाह मोहल्ला, अंबेडकर नगर, कोकता, नया बस स्टैंड, जहांगीराबाद, प्रभात पेट्रोल पंप क्षेत्र, रेलवे स्टेशन झुग्गी, हेराज नगर, हिल्स झुग्गी, सिंगारचोली गांव, बंसल घाट, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में टीमों ने पानी के सैंपल लिए। झुग्गी बस्तियों में सप्लाई हो रहे पानी की गुणवत्ता पर विशेष फोकस किया गया।

ज्यादा कब्रिस्तान नाले के पास बड़ी लीकेज

जहांगीराबाद क्षेत्र में ज्यादा कब्रिस्तान नाले के पास से गुजर रही मुख्य पाइप लाइन में बड़ा लीकेज सामने आया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह लीकेज पुराना है और बारिश के दौरान नाले का पानी पाइप लाइन तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। फिलहाल इसे अस्थायी तौर पर ठीक किया गया है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए लाइन बदलने की तैयारी है। नगर निगम का दावा है कि शहर के अलग-अलग इलाकों से तीन दिन में एक हजार से अधिक पानी के सैंपल लिए गए हैं। रोजाना 300 से ज्यादा सैंपल की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। निगम का कहना है कि अब तक जांच में पानी पीने योग्य पाया गया है, हालांकि सतर्कता के तौर पर जांच का दायरा और बढ़ाया गया है। दरअसल अपर मुख्य सचिव ने सभी नगर निकायों को जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में पाइप लाइनों की लीकेज जांच, सीवेज और जलापूर्ति लाइनों के क्रॉस कनेक्शन की पहचान, 20 साल से अधिक पुरानी लाइनों को चिन्हित कर बदलने और फिल्टर प्लांट व ओवरहेड टैंकों की नियमित सफाई शामिल है।

सुविचार

जिंदगी हमें बहुत से खूबसूरत दोस्त देती है लेकिन अच्छे दोस्त हमें खूबसूरत जिंदगी देते हैं। - अज्ञात

वेनेजुएला पर अमेरिका का हमला

आखिरकार अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर वहां अपनी पिट्ठू सरकार बनवाने का रास्ता साफकर ही लिया।यही नहीं बल्कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक भी बना लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो यह भी एलान कर दिया है कि अब वेनेजुएला पर अमेरिका का नियंत्रण हो गया है। अमेरिका की इस कार्वाही पर दुनिया से मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आ रही है। रुस, चीन और इरान सहित कई देशों ने इसे अमेरिका की दादागिरी करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग ने वेनेजुएला पर किए गए हमले पर सबसे तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका को सीधे धमकी दे डाली है कि निकोलस मादुरो को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए कहा है कि उत्तर कोरिया इस जंग में शामिल हो जाएगा और विश्व युद्ध हो सकता है। खुद अमेरिका में भी ट्रंप की इस कार्यवाही का विरोध हो रहा है। अमेरिका की पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने वेनेजुएला पर हमले की कड़ी निंदा की है। नही दूसरी ओर इजराइल, फ्रांस, पनामा और चिली सहित कई देश अमेरिका की इस कार्यवाही को उचित करार दे रहे हैं। फिलहाल वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने वहां की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिक्ज को वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित किया है जिन्होंने निकोलस मादुरो को शीघ्र रिहाई करने की मांग करते हुए स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला किसी का उपनिवेश नहीं बनेगा। दरअसल यह पूरा खेल तेल का है। वेनेजुएला में तेल का अकूत भंडार है जिस लंबे समय से अमेरिका की गिद्ध दृष्टि गड़ी हुई है लेकिन वहां की वामपंथी सरकार अमेरिका को घास नहीं डाल रही थी और चीन व रुस से नजदीकी बढ़ा रही थी। जो डोनाल्ड ट्रंप को फूटी आंख नहीं सुहा रही थी। नतीजतन उसने वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की और अब वेनेजुएला पर नियंत्रण का दावा कर रहे हैं। जाहिर वे लोकतंत्र की बहाली के नाम पर वहां अपनी पसंद की सरकार बनवाएंगे और वेनेजुएला के तेल भंडार का अमेरिकी कंपनियों द्वारा दोहन कराएंगे। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि अमेरिका की इस दादागिरी के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र क्या कदम उठाया है या फिर समरथ को नहीं दोष गोसाई वाली युक्ति को चरितार्थ कर दिखाता है।

दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना जरूरी

मध्यप्रदेश का इंदौर शहर जिस एक बार नहीं बल्कि तीन बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है वहां जहरीले पानी के सेवन से 15 लोगों की मौत होना और 200 लोगों का गंभीर अवस्था में दाखिल होना वाकई हैरान करने वाली अत्यंत दुखद घटना है। इससे भी ज्यादा दुखद तो वहां के विधायक और मध्य प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की असंवेदनशीलता है। जो इस घटना को लेकर मीडिया द्वारा उठाए गए सवालों पर भड़क गए। हालाकि बाद में उन्होंने इस जानलेवा लापरवाही की जिम्मेदारी लेने की बात भी कही लेकिन शासन प्रशासन ने कभी तक इसके लिए जिम्मेदार नगर निगम आयुक्त और एक इंजीनियर सहित तीन अफसरों को निलंबित कर मामले की जांच के आदेश देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। निलंबन कोई सजा नहीं है। देर सबेर वे बहाल हो जाएंगे और जांच के नाम कैसी लीपापोती होती है यह सर्वविदित है। कायदे से तो इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ तत्काल गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें उनके पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि अन्य लापरवाह नौकरशाह इससे सबक लें और भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। वहां महीनों से गंदे पानी के आपूर्ति की शिकायत मिल रही थी लेकिन संबंधित अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे थे। पुरानी जर्जर पाइप लाइनों को बदलने का मामला भी लंबे समय से अधर में लटका था। पाइप लाइन के उपर शौचालय बना दिया गया था। इन सब के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए और मृतक परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए मध्यप्रदेश आ संवेदनशील मुख्यमंत्री मोहन यादव इस मामले में जन भावनाओं का सम्मान करते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे और पीड़ित परिवारों को राहत देने कारगर कदम उठाएंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ उनके विचार कभी पॉल्यूटेड नहीं होते और विचारों में अगर प. ल्यूशन नहीं होगी तो आपके कर्म श्री कृष्ण की प्राप्ति योग्य होंगे।

◆ भगवत कृपा तभी सार्थक होती है जब भगवान ने उस जीव को जितनी शक्ति दी है उस शक्ति और सामर्थ्य का वह सदुपयोग करता है।

◆ करो। बुद्ध का पहला नियम है- आप समझो लेकिन प्रकाशित मत।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2014: भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-14 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। 2009: नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 2003: अल्जीरिया में विद्रोहियों के हमले में 43 सैनिक मरे। 2000: अंतरराष्ट्रीय फुटबाल एवं सांख्यिकी महासंघ ने 'पेले' को शताब्दी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। 1993: करीब 85,000 टन कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर शेटलैंड द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 1970: चीन के यूनान प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता वाले भूकंप से 15000 लोगों की मौत। 1971: क्रिकेट इतिहास का पहला वनडे खेला गया था। मेलबर्न में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया था। इंग्लैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट गंवाकर 191 रन बनाते हुए मैच जीत लिया था। 1955: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जन्म। 1941: क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी का भोपाल में जन्म।

सोमनाथ : अटूट आस्था के 1000 वर्ष

नरेंद्र मोदी

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है...फ्सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है:

सोमलिः नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत॥

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था।

वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है।

हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।

सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें।

1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

उन्होंने कहा, दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे।

इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए।

वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला, लैटिन अमेरिका में वामपंथियों के प्रभाव को नेस्त-नाबूद करने का प्रयास

संजीव ठाकुर

अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला अमेरिकी साम्राज्यवाद का एक नया किंतु और अलोकतांत्रिक कदम है। इस हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ 195 देशों का मौन बहुत ही आश्चर्यजनक एवं चिंतनीय है। अमेरिकी दादागिरी अपने चरम पर पहुंच चुकी है अमेरिका ने वेनेजुएला लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए और विगत 12 वर्षों से लगातार शासन कर रहे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आधिकारिक निवास से पत्नी सहित अगवा कर अमेरिका ले जाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर आरोप लगाकर उन पर आक्रमण किया तथा उनका अपहरण कर उन्हें अमेरिका शिफ्ट किया गया तानाशाही का आरोप तो डोनाल्ड ट्रंप लगाया जा रहा है किंतु यह कहावत सत्य है कि समरथ को नहीं दोस् गोसाईंफ्र यानी समर्थ व्यक्ति का हर कार्य सही मान लिया जाता है।

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किया गया ताज़ा सैन्य आक्रमण केवल एक देश पर हमला नहीं बल्कि इक्कीसवीं सदी की ऊर्जा राजनीति, वामपंथ बनाम नव-साम्राज्यवाद, और उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बीच टकराव का प्रतीक बनकर सामने आया है, जब अमेरिकी नेतृत्व ने यह दावा किया कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाया गया है, यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई जब वेनेजुएला की वामपंथी सरकार ने अपने विशाल पेट्रोलियम, क्रूड ऑयल, सोने और प्राकृतिक गैस भंडारों पर राष्ट्रीय संप्रभुता को और सख्ती से लागू करते हुए अमेरिकी और पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रत्यक्ष उपयोग से बाहर रखने के निर्णय को दोहराया था, माना जा रहा है कि इसी निर्णय ने वॉशिंगटन में तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया और डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी सत्ता-तंत्र ने इसे लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर सैन्य हस्तक्षेप का औचित्य बना लिया, जबकि आलोचकों का कहना है कि यह हस्तक्षेप वस्तुतः ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की पुनर्स्थापना की कोशिश है, इस हमले के बाद अर्जेंटीना की नई राजनीतिक दिशा ने खुलकर अमेरिका का समर्थन किया है और ब्यूनस आयर्स से जारी बयानों में इसे वेनेजुएला में ÷लोकतांत्रिक संक्रमण÷ की दिशा में आवश्यक कदम बताया गया, साथ ही यह कयास तेज़ हो गए हैं कि विपक्षी नेता कोरिना माचाडो को अंतरराष्ट्रीय समर्थन के साथ सत्ता में स्थापित करने की

कोशिशें तेज़ होंगी, हालांकि वेनेजुएला के भीतर इसे तख्तापलट की साज़िश बताया जा रहा है, इस पूरे घटनाक्रम से चीन को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है क्योंकि वेनेजुएला बीते वर्षों में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल, दीर्घकालिक तेल आपूर्ति समझौतों और ऋण-तेल विनिमय व्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अमेरिकी हस्तक्षेप से न केवल इन परियोजनाओं पर अनिश्चितता छा गई है बल्कि लैटिन अमेरिका में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने की खुली कोशिश भी दिखाई दे रही है, इसी क्रम में रूस, चीन और उत्तर कोरिया ने संयुक्त और अलग-अलग बयानों में इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया है, रूस ने विशेष रूप से इसे संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में बलपूर्वक हस्तक्षेप करार दिया और संकेत दिए कि अमेरिका की इस आक्रामक नीति ने वैश्विक अस्थिरता को और गहरा कर दिया है, उधर पूर्वी यूरोप में रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भी नई तीव्रता पकड़ ली है और ताज़ा रिपोर्टों के अनुसार रूसी सैन्य कार्रवाइयों में वृद्धि को कई विश्लेषक पश्चिमी दबाव और वेनेजुएला प्रकरण के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं चीन के संदर्भ में ताइवान को लेकर बयानबाज़ी और सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी ने यह संकेत दिया है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भी तनाव का स्तर बढ़ रहा है, हालांकि बीजिंग ने आधिकारिक रूप से किसी तात्कालिक आक्रमण की घोषणा नहीं की है लेकिन यह स्पष्ट किया है कि ताइवान उसका आंतरिक विषय है और बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इस तरह वेनेजुएला पर हमला एक अकेली घटना न रहकर वैश्विक शक्ति संतुलन के पुनर्संयोजन का हिस्सा बनता जा रहा है, जहां अमेरिका अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त बनाए रखना चाहता है जबकि रूस और चीन बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करते हुए अमेरिकी एकाधिकार को चुनौती दे रहे हैं, लैटिन अमेरिका के कई देशों में इस घटनाक्रम को लेकर मतभेद उभर आए हैं, कुछ सरकारें अमेरिका के पक्ष में खड़ी दिखती हैं तो कई राष्ट्र इसे अपने लिए चेतावनी मानते हुए क्षेत्रीय संप्रभुता और गैर-हस्तक्षेप की नीति पर ज़ोर दे रहे हैं, ऊर्जा बाज़ारों पर भी इसका असर दिखने लगा है जहां कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और आपूर्ति शृंखला को लेकर चिंता बढ़ी है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्वागत तेरा दो

स्वागत तेरा दो हजार छब्बीस उजाले बुलाएँ नए साल में हम निरोगी रहें सब नए साल में हम दिए जगमगाएँ, अँधेरा भगाएँ कदम सब मिलाएँ नए साल में हम नई धुन बनाएँ, नई ज़िंदगी हो इबारत गढ़ें नव, नए साल में हम सधे हों कदम, भूल जाएँ पुराना चहेते बनें इस नए साल में हम भला ही करें हम, भले ही बनें हम नए गीत गाएँ नए साल में हम क्षमा कर सभी को, बढ़ें नेकियों पर बुहारें डगर इस नए साल में हम फिक्कर ज्योति को ना, न कोई उलझन चलो मुस्कुराएँ नए साल में हम ज्शुभ हो नववर्ष। - **ज्योत्सना सक्सेना**

जरा सा बुझा हूँ

जरा सा बुझा हूँ जरा सा झुका हूँ हार नहीं मानूँगा मैं उम्र से पका हूँ ताकत बढ़ी है , और कम हुई शरीर की जिस्म ही तो थका है सोच से तो नया हूँ खुद चुन लिया मैंने मैं रहूँगा जमीन का रूह से बंधा ढेला हूँ मैं माटी ही रहा हूँ क्यों ढूंढते हो कहते कहाँ है , टटोलो तो मैंने पाया है उसे देखो तुम सब में रमा हूँ बेटी, किसी को भाई मैया, कोई बहिन हो गई बिखरा तो समझ आया हाँ, मैं सबका सगा हूँ। - **केदार नाथ शब्द मसीहा**

देखकर तुम्हारा आइना फिर कहां देखा

देखकर तुम्हारा आइना फिर कहां देखा आइना। दिल की जमीं पे गुलाब जनवरी से यही फरियाद। तुम से ही जो हुए हम फिर ना रह गए अहम। जाते सलाम आते पैगाम हमारी ओर से राधे श्याम। अंतरमं में रखो न मलाल सबको बधाई नया साल। - **सुरेश वैष्णव**

रिश्ते बचाने की खातिर,मैं,का बलिदान

रिश्ते बचाने की खातिर,मैं,का बलिदान जरूरी होता है। मीरा सी दीवानी बनकर के,विषपान जरूरी होता है ।। दुनिया की निगाहें अच्छों पर,बस बुरी नजर ही रखती हैं। सम्मान बचाने की खातिर,स्वाभिमान जरूरी होता है ।। - **डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

बीती यादें भुलाना नही चाहिए। खास

बीती यादें भुलाना नही चाहिए। खास अपने रुलाना नही चाहिए । हां नए वर्ष मे सब लुटाओ मगर, पल वो पिछले लुटाना नहीं चाहिए। मानते हैं नया साल आया मगर, साल एसे मनाना नही चाहिए। हां नए साल में, हैं नए राह पर, हाथ एसे छुड़ाना नही चाहिए । ये उमर ये समय फिर रहे ना रहे , वक्त यूं ही गवाना नही चाहिए। - **इंदु,**

हवा पर हाथ-पैर मारो उड़ ना पाओगे

हवा पर हाथ-पैर मारो उड़ ना पाओगे। वैसे तैरने के लिए भी गले तक पानी ज़रूरी होता है... बिना पैसे का आदमी जो जानवर नज़र आएं! तो जानवरों की नज़रों में इंसानियत मरा होता है। चीखें सुनी न जाएं ? मदद का शोर भी पिछड़ जाने के भय से वजूद त्याग दें। यूं तो ज़िंदगी पैसे से बड़ी होती है लेकिन मौत की आग पर बिना पैसे कौन ? चढ़ा होता है? - **जय बरूआ**

यह अंग्रेजी नूतन वर्ष आप सभी

यह अंग्रेजी नूतन वर्ष आप सभी के अंतर्मन में शांति का दीप जलाए, भक्ति की लौ प्रज्वलित करे और विवेक का प्रकाश फैलाए। ईश्वर आपको इतना समर्थ बनाए कि सुख में अहंकार न आए और दुःख में विश्वास न डगमगाए। हर श्वास कृतज्ञता बने, हर कर्म सेवा बने और हर विचार प्रार्थना बन जाए। - **ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। परिवार विशेषकर बच्चों से अच्छी खबर मिल सकती है। पढ़ाई और क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

वृषभ : आज का दिन करियर ग्रोथ के लिहाज से शानदार रहने वाला है। सरकारी या बड़ी संस्थाओं में काम करने वालों के प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

मिथुन : आज का दिन सामान्य रहेगा लेकिन पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा।

कर्क : आज परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। माता-पिता के साथ कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बन सकता है। घरेलू वातावरण खुशनुमा रहेगा।

सिंह: आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। कारोबारी लोगों के लिए दिन लाभदायक है। नौकरी और प्रोफेशन में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

कन्या : आज बिजनेस में कोई बड़ी डील मिलने की संभावना है, जिससे लाभ के अवसर बनेंगे। परिवार में तालमेल बेहतर रहेगा और कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। शाम का समय परिवार और बच्चों के साथ अच्छा बीतेगा।

तुला : आज आप नए काम और विचारों की ओर आकर्षित होंगे। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे तो आने वाले समय में आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। ऑफिस में अतिरिक्त काम करने से आपके अधूरे काम पूरे हो जाएंगे।

वृश्चिक : आज का दिन दोस्तों और करीबी लोगों के साथ अच्छा बीतेगा। यदि किसी नए काम की शुरुआत कर रहे हैं तो बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना लाभदायक रहेगा।

धनु : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। काम आपकी इच्छा के अनुसार पूरे होंगे। ऑफिस में आपके काम और आइडियाज की सराहना होगी।

मकर :आज का दिन कामकाज में अच्छी प्रगति देने वाला रहेगा। आमदनी बढ़ने के संकेत हैं। यदि कोई महत्वपूर्ण काम आज पूरा करना चाहते हैं तो योजना बनाकर चलने से सफलता मिलेगी और काम समय से पहले पूरे हो सकते हैं।

कुंभ : आज लंबे समय से अटके हुए कामों में सफलता मिलने की उम्मीद है। ऑफिस में जल्दबाजी से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। स्टूडेंट्स के लिए दिन सकारात्मक रहेगा और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी।

मीन : आज का दिन शानदार रहेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी और जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है।

QUIZ TIME

1) सोमालीलैंड को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आधिकारिक मान्यता देने वाला पहला देश कौन बना?

2) राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए पूर्व सूचना देने हेतु कम से कम कितने दिन का समय चाहिए?

3) रवीन्द्रनाथ टैगोर को नाइटहुड की उपाधि किस वर्ष दी गयी?

4) कौन सा देश यूरो को अपनी मुद्रा के रूप में अपनाने वाला यूरोजोन का 21वां सदस्य बन गया है?

5) सबसे कम उम्र की किस भारतीय महिला ने दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का कारनामा किया है?

Ramaquiz

जवाब- (1) ईसाइयत (2) 14 दिनों (3) 1915 (4) यूनाइटेड (5) कायरा कार्टिकेयन

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं
1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, खोंगसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे
1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 128 का हल

न्यूज गैलरी

प्रशासनिक सूझबूझ से एनएच-45 निर्माण एवं सीएम राइज स्कूल के संरक्षण की दिशा में पहल

डिण्डोरी/नवप्रदेश। जबलपुर-अमरकंटक राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-45 के चौड़ीकरण कार्य एवं ग्राम नरिया में नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल भवन के अस्तित्व को लेकर उत्पन्न तकनीकी गतिरोध अब जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से सुलझने की दिशा में अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। स्कूल की बाउंड्री वॉल एवं भवन का कुछ हिस्सा हाईवे की जद में आने से निर्माण कार्य में बाधाएँ उत्पन्न हो रही थीं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि एनएच-45 का निर्माण पूर्व निर्धारित एवं अधिसूचित नक्शे के अनुरूप किया जा रहा है तथा सड़क की चौड़ाई निर्धारित मानकों के अनुसार रखना अनिवार्य है। वहीं दूसरी ओर, नरिया स्थित सीएम राइज स्कूल हाल ही में बनकर तैयार हुआ है, जो शासन की एक महत्वाकांक्षी शैक्षणिक योजना है और जिस पर करोड़ों रुपये की लागत आई है। ऐसे में भवन का कोई भी हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से न केवल शासकीय संपत्ति को नुकसान होता, बल्कि विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुरक्षा भी प्रभावित होती। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मौके पर पहुँचकर स्थल निरीक्षण किया तथा दोनों पक्षों की बात सुनी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्य आवश्यक हैं, लेकिन शिक्षा के मंदिरों को नुकसान पहुँचाकर नहीं। उन्होंने निर्देशित किया कि हाईवे निर्माण एवं स्कूल भवन दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कलेक्टर द्वारा एनएच प्राधिकरण के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से चर्चा कर ऐसा समाधान तलाशें, जिससे हाईवे निर्माण कार्य भी निर्बाध रूप से चलता रहे और स्कूल की नवनिर्मित इमारत को कोई क्षति न पहुँचे। उन्होंने कहा कि शासन की संपत्ति एवं बच्चों का भविष्य दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, इसलिए तकनीकी पहलुओं की पुनः समीक्षा कर आवश्यक डिजाइन सुधार की संभावनाएँ खोजी जाएँ। कलेक्टर के इस संवेदनशील एवं दूरदर्शी कदम से स्थानीय ग्रामीणों एवं स्कूल प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। जिला प्रशासन की इस पहल से यह संदेश स्पष्ट है कि प्रगति और शिक्षा साथ-साथ चल सकती हैं।

मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी प्रो कबड्डी लीग प्रतियोगिता में शामिल हुए

नरसिहंपुर/नवप्रदेश। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल और संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी शुक्रवार को सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा आयोजित 42 वे सोपान कार्यक्रम में राष्ट्रीय ÷प्रो कबड्डी लीग÷ प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कबड्डी खेल को देखा। समापन अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस खेल स्टेडियम में व्हालीबॉल छात्रावास निर्माण के लिए 15 लाख रुपये की राशि तथा क्षेत्रीय विधायक ने भवन/ आवास सुविधा विस्तार के लिए 20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, श्री मुलाम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चड़ार, श्री सरदार सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक आयोजित सेवा सप्ताह एवं सांस्कृतिक- खेल महोत्सव- सामाजिक सेवा, खेल, संस्कृति और जनसहभागिता का आयोजन किया गया था। शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर, तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर, वीर बाल दिवस, महिला सशक्तिकरण को समर्पित पिंक-डे, वरिष्ठजन सम्मान, शहीद परिवार का सम्मान और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। खेल महोत्सव के अंतर्गत पुरूष व महिला कबड्डी, संभागीय व जिला स्तरीय व्हालीबॉल, चौपड़, एथलेटिक्स, 5 किलोमीटर दौड़, अल्ट्रा मैराथन सहित विविध खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। द्वितीय चरण में आयोजित अखिल भारतीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में देशभर की 28 टीमों ने सहभागिता की, जिसमें साई सोनीपत विजेता एवं जयपुर पिंक पैंथर्स उपविजेता रही। वहीं संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता में 34 टीमों के मध्य सिवनी विजेता एवं सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव उपविजेता रहा। लगभग 35 लाख रुपये की इनामी राशि वाले इस भव्य आयोजन में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि एवं विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रशासन गांव की ओर के अंतर्गत मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्राम चंद्रागढ़ में रात्रि चौपाल संपन्न

कलेक्टर ने सुनी बैगा समुदाय की समस्याएँ

डिण्डोरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की उपस्थिति में विकासखंड अमरपुर के ग्राम चंद्रागढ़, पंचायत खजरी माल में जमीन पर बैठकर रात्रि कालीन चौपाल का आयोजन किया गया। नववर्ष के प्रथम दिन आयोजित इस चौपाल में जिला प्रशासन का पूरा अमला बैगा बाहुल्य बस्ती में मौजूद रहा। गांव पहुँचते ही कलेक्टर श्रीमती भदोरिया ने सबसे पहले प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राही श्री कमल सिंह बैगा, श्रीमती फूलवती बैगा, श्रीमती बुद्धू बाई, श्री देवी बैगा, श्री सोहन सिंह बैगा, श्रीमती झांकी बाई बैगा, श्रीमती रामप्यारी बैगा, श्रीमती शांतिबाई बैगा और श्रीमती बरती मरावी सहित अन्य हितग्राहियों से किस्तों के भुगतान, मजदूरी और राशन के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अधूरे पड़े आवासों को देखते हुए उन्होंने एनआरएलएम प्रबंधक को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक अनुदान दिलाकर इन भवनों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के बीच मोहल्ले में बैठकर कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी, पशुपालन, महिला बाल विकास और विद्युत विभाग जैसी बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की।

ग्रामीणों ने गांव में आंगनवाड़ी केंद्र और सड़कों की आवश्यकता जताई, जिसमें विशेषकर चंद्रागढ़ से खजरी और लाखों से चंद्रागढ़ तक सड़क निर्माण की मांग रखी गई। गांव में पानी की समस्या पर पीएचई विभाग के अधिकारियों ने 10 फरवरी तक जल व्यवस्था पूर्ण करने का आश्वासन दिया। चौपाल के दौरान वन अधिकार पट्टों और वारिसों के भूमि नामांतरण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अगले तीन दिवस के भीतर 19 फोत (मृतक नामांतरण) मामलों का निराकरण करें और 9 नवीन हितग्राहियों को पट्टों का वितरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने तहसीलदार को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। चौपाल में बैठी बैगा समुदाय की महिलाओं से उनके बैगा संस्कृति की चर्चा करते हुए उनके आभूषण और गुदना की जानकारी ली। कलेक्टर ने चौपाल के दौरान 11 वर्षीय दिव्यांग कुमारी शिवानी पिता इंद्रसिंह ईकेवाईसी न होने के कारण से दिव्यांग राशि नहीं मिल रही थी, जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए ई-गर्वनेंस जिला प्रबंधक को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बीएमओ, ग्राम पंचायत सचिव और जीआरएस को धरती आबा योजना के तहत ग्राम विकास के प्रस्ताव तैयार करने और योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने उपस्थित सभी बैगा भाई-बहनों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और बड़ती ठंड को देखते हुए उन्हें गर्म कपड़े व कंबल वितरित किए। जिससे उनके चेहरे पर खशी देखी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव, जिला पंचायत सीईओ श्री दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम सुश्री भारती मरावी, तहसीलदार श्री शशांक और जनजातीय कार्य विभाग अधिकारी श्री राजेंद्र कुमार जाटव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनसीसी की पीएम साइकिल रैली विदिशा पहुंची

विदिशा/नवप्रदेश। भारत में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रतिवर्ष कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका शुभारंभ एनसीसी पीएम रैली के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाता है। एनसीसी पीएम रैली 2026 के अंतर्गत एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र द्वारा ÷शौर्य के कदम, क्रांति की ओर÷ नामक एक विशेष साइकिल अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान ऐतिहासिक दृष्टि से वर्ष 1736 में मराठा पेशवा बाजीराव द्वारा दिल्ली पर किए गए आक्रमण के मार्ग पर आधारित है। यह साइकिल रैली पुणे से नई दिल्ली तक आयोजित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति एवं ऐतिहासिक

गौरव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान में एनसीसी ग्रुप अमरावती के 12 कैडेट्स शामिल हैं, जो ब्रिगेडियर सचिन गवली, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अमरावती के नेतृत्व में पूरे मार्ग की साइकिल टीम का हिस्सा हैं। टीम के साथ 6 सदस्यों की कोर सपोर्ट टीम भी कार्यरत है। यह अभियान कुल 1680किलोमीटर की दूरी तय करेगा, जो पांच राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगा, जिसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है। इसे 21 साइकलिंग दिनों में पूर्ण करने की योजना है। एक्सपेडिशन का शुभारंभ 24 दिसंबर 2025 को पुणे के वा?ा से हुआ, जो 4 जनवरी 2026 को विदिशा पहुंचा है और 16 जनवरी 2026 को दिल्ली पहुंचेगा। 26 जनवरी 2026 को एनसीसी पीएम रैली 2026 के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा इस अभियान को फ्लैग-इन किया जाएगा। अब तक टीम 11 साइकलिंग दिनों में लगभग 900 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एनसीसी डायरेक्टरेट के अंतर्गत विदिशा जिले में इस साइकिल रैली का भव्य स्वागत 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा द्वारा किया गया। यह आयोजन कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता (शौर्य चक्र) के निर्देशानुसार तथा प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य के मार्गदर्शन एवं संयोजन में संपन्न हुआ।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों का निरीक्षण

जिले में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण एवं गुणवत्ता परीक्षण

झाबुआ/नवप्रदेश। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले के समस्त नगरीय निकायों में अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा बैठक लेकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना रहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, उच्च स्तरीय टंकियों एवं सम्प टैंकों की नियमित सफाई एवं निरीक्षण किया जाए तथा क्लोरीनेशन व्यवस्था की 24×7 निगरानी रखी जाए, रिपोर्ट का संधारण किया जाए, किसी भी क्षेत्र में दूषित जल की शिकायत मिलने पर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जाए, आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक नगरीय निकाय द्वारा हर वार्ड के न्यूनतम 10 प्रतिशत घरों से जल के रेंडम सैंपल लेकर परीक्षण कराया जाए, जिसका क्रॉस एग्जामिनेशन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा अनिवार्य रूप से कराया जाए। पेयजल के सैंपल नियमित रूप से लेकर क्ष्ह्ल्स् मानक के अनुरूप गुणवत्ता परीक्षण कराया जाए और जहाँ भी श्व-ष्टश्वद्यद्व/ष्टश्वद्यद्वद्धश्वह्द्व अथवा अन्य मानकों से अधिक प्रदूषण पाया जाए, वहाँ तत्काल जल आपूर्ति रोककर वैकल्पिक सुरक्षित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही Residual Chlorine की मात्रा 0.2 PPM से कम एवं 1 PPM से अधिक न होने पाए, इसके लिए आवश्यकतानुसार क्लोरीन बूस्टिंग की जाए तथा नगरीय क्षेत्रों के कुएँ, बावड़ी, तालाब एवं नलकूपों में निर्धारित मानकों के अनुसार ब्लीचिंग पाउडर की डोजिंग सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिले के समस्त नगरीय निकायों में जल वितरण प्रणाली का त्वरित सर्वे कर 20 वर्ष से अधिक पुरानी एवं बार-बार लीकेज वाली पाइपलाइनों तथा नाली/सीवर के समीप से गुजरने वाली पाइपलाइनों को चिन्हित किया जाए और सभी चिन्हित रिसावों की मरम्मत 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में झाबुआ नगर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ सुश्री अवनधती प्रधान द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। साथ ही बस स्टैंड स्थित पानी की टंकी तथा थांदला गेट क्षेत्र में जल आपूर्ति के नमूने नगर पालिका झाबुआ द्वारा जांच हेतु एकत्रित किए गए। थांदला में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थांदला श्री महेश मंडलोई द्वारा किया गया।इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 13 का संयुक्त दल द्वारा सर्वे किया गया, जहां रहवासियों से चर्चा कर जल सैंपल कलेक्ट किए गए। नगर परिषद की जलप्रदाय व्यवस्था से क्षेत्रवासी संतुष्ट नजर आए।

मकर संक्रान्ति मेला से पहले बुनियादी व्यवस्थाएं करें- कलेक्टर

संगम घाट पहुंचे कलेक्टर मिश्रा

मंडला/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने महाराजपुर संगम घाट पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी मकर संक्रान्ति मेला में श्रृद्धालु बड़ी संख्या में संगम घाट पहुँचते हैं। मण्डला के अलावा अन्य जिलों के लोग भी यहाँ आकर दर्शन-पूजन करते हैं, इसलिए संक्रान्ति मेला से पहले साफ-सफाई, सुरक्षा तथा पेयजल जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संगम-पुरवा पुल निर्माण एजेंसी के प्रबंधक को निर्देशित किया कि पुल निर्माण के दौरान एकत्र

मलबा हटवाएं। सीएमओ नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि संगम घाट पर स्नान क्षेत्र की मार्किंग कराएं और आवश्यकता अनुसार मेला स्थल और घाट पर बेरिकेटिंग करें। उन्होंने संगम तट पर गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ तत्काल सफाई कर्मचारियों की टीमें लगाकर सफाई सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को संक्रान्ति तक प्रतिदिन दो बार मेला स्थल और संगम तक के निरीक्षण करने के लिए कहा। बूढी माई मंदिर परिसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अव्यवस्थित रेहड़ी लगाए जाने पर परिसर को खाली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेले और रेहड़ी वालों को एक ओर शिफ्ट कराएं ताकि श्रृद्धालुओं को परेशानी न हो। इस दौरान एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण श्री सचिन जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गजानन नाफड़े

स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

हरेक विधानसभा क्षेत्र में बनेगा स्टेडियम - प्रभारी मंत्री लखन पटेल

विदिशा/नवप्रदेश। स्वर्गीय श्री लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जिले के प्रभारी मंत्री एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री श्री लखन पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर खेलप्रेमियों एवं खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सिरोंज विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल का अभिनंदन किया तथा खेल मैदान स्थित सांदीपनि स्कूल में आयोजित फाइनल मुकाबले की दोनों टीमों के खिलाड़ियों से सौजन्यात्मक परिचय प्राप्त कर उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने खेल मंत्री द्वारा की गई घोषणा का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए पर्याप्त अवसर एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवा समान रूप से खेल सुविधाओं का लाभ उठाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार एवं खेल विभाग प्रदेश में सभी प्रकार के खेलों को बड़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले नामी खिलाड़ी बड़े शहरों से ही निकलते थे, लेकिन अब सरकारी प्रोत्साहन के कारण छोटे गांवों और कस्बों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी क्रांति गौंड का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के लटेरी में संपूर्ण सुविधायुक्त खेल मैदान तथा सिरोंज के सांदीपनि स्कूल मैदान के समीप पुराने शनिचरा नाले पर स्टेडियमनुमा सीढ़ियों के निर्माण की मांग रखी। इस पर प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने घोषणा करते हुए खेल मंत्रालय के माध्यम से चार करोड़ रुपये की लागत से इनडोर स्टेडियम के निर्माण की स्वीकृति दिए जाने की बात कही और कहा कि विधायक द्वारा प्रस्तावित स्थान पर यह निर्माण कराया जाएगा। सांदीपनि स्कूल मैदान में आयोजित फाइनल मुकाबले में गुना की साईं क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि महाराष्ट्र के जलगांव की जुनैद क्रिकेट क्लब उपविजेता रही। समारोह में माधव ग्रुप के संरक्षक श्री राहुल त्यागी द्वारा प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल एवं विधायक श्री उमाकांत शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का हुआ भव्य समापन

जबलपुर/नवप्रदेश। संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन में आयोजित चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का भव्य समापन श्रद्धा, संस्कृति और शोध के अद्भुत संगम के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने कहा कि भारत की संस्कृति भेदभाव से नहीं, बल्कि आत्मा, चेतना और बुद्धि से परिभाषित होती है। परमात्मा प्रत्येक हृदय में निवास करता है, इसलिए हर शरीर एक मंदिर है। शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्यपाल को सुनना स्वयं में एक अद्भुत अनुभव है, राम का चरित्र नई पीढ़ी के लिए आचरण का प्रतिमान है। संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि रामायण मात्र ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली आधारशिला है। राज्यपाल श्री खान ने रामायण पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में इंडो-थाई रामायण फोरम पर विशेष चर्चा हुई। कोऑर्डिनेटर अमरेंद्र नारायण ने बताया कि इस फोरम की स्थापना प्रथम विश्व रामायण सम्मेलन में हुई थी, जिसका उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच रामायण आधारित अकादमिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को सुदृढ़ करना है। शोध, विमर्श और वैचारिक सत्र में प्रो. नरेंद्र कौशिक, प्रो. अभिलाषा सिंह, प्रो. नीलांजना पाठक, शैलेंद्र तिवारी और डॉ. अजय तिवारी ने रामायण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान 'श्रीरामवल्लभ' ग्रंथ का विमोचन भी किया गया, जो प्रभु श्रीराम की 108 नामावली, संस्कृत स्तोत्र,

न्यूज गैलरी

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन

कोरबा/नवप्रदेश। सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शनिवार को ऊर्जाधानी कोरबा भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आई। स्थानीय गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा आयोजित भव्य नगर कीर्तन (शोभायात्रा) ने पूरे शहर को गुरु की महिमा से गुंजायमान कर दिया।

पंच प्यारों की अगुवाई में निकली शोभायात्रा

इतवारी बाजार गुरुद्वारा से शोभायात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा साहिब से अरदास के साथ हुआ। फूलों से सजी विशेष पालकी साहिब में 'श्री गुरु ग्रंथ साहिब' विराजमान थे, जिनकी छत्रछाया में पंच प्यारों ने पूरे नगर कीर्तन की अगुवाई की। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब पर पुष्प वर्षा की और मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया, शोभायात्रा टीपी नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंची।

गतका दलों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

इस वर्ष के नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण विशेष गतका दल रहे। सिख मार्शल आर्ट 'गतका' का प्रदर्शन करते हुए युवाओं और बच्चों ने अपनी शस्त्र कला से सभी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। हवा में लहराती तलवारें, ढाल और लाठियों के प्रदर्शन ने गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर योद्धा स्वरूप की याद दिला दी।

सेवा और भक्ति का अनूठा दृश्य:-

सेवाः शोभायात्रा के आगे-आगे श्रद्धालु झाड़ू लगाकर सड़क साफकरते और मार्ग में पानी का छिड़काव करते चल रहे थे।

लंगर और प्रसादीः शहर के विभिन्न चैराहों पर सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा स्टॉल लगाकर चाय, नाश्ता, फल और प्रसादी का वितरण किया गया।

कीर्तनी जत्थाः रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी के कीर्तन से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। इस आयोजन में न केवल सिख समाज बल्कि सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो आपसी भाईचारे की मिसाल बना। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का भी पुख्ता सहयोग रहा।

कोरबा पूर्वांचल सर्व समाज विकास समिति,द्वारा भव्य नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति की पूर्व में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुरूप आज नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन रिकॉन्डो रोड कोरबा में किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह को समिति के सदस्यों द्वारा पुष्पहार पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सदस्यता विस्तार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समिति के संविधान के प्रावधानों के अनुसार सदस्यता शुल्क के साथ जिले भर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समिति की मुख्य कार्यकारिणी के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन अतिशीघ्र किया जाएगा, जिससे समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। समारोह के दौरान संगठन की जमीनी पकड़ और सामाजिक सक्रियता को और मजबूत बनाने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

महिला सरपंच पर हत्या करने का प्रयास: प्राणघातक हमलें से हुई घायल

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में एक महिला सरपंच की हत्या करने का प्रयास किया गया। रॉड से किए गए प्राणघातक हमलों में सतरेंगा की सरपंच गंभीर रूप से घायल हुई है। जानकारी के मुताबिक श्रीमती बंधन बाई कंवर ग्राम पंचायत सतरेंगा की वर्तमान में सरपंच है। पंचायत चुनाव के समय बंधन बाई के विरूद्ध जो सरपंच के पद पर खडे हुये थे, उसको झूलसिह पण्डो सपोर्ट करता था किन्तु चुनाव में हार जाने के बाद चुनावी रंजिश बंधन बाई से रखने लगा था। हाल ही में 31 दिसम्बर 2025 को गांव में शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ महिला समूह के साथ गांवों में भ्रमण कर सरपंच द्वारा उन्हें समझाईश ?दिया गया था। इस दौरान झूलसिंह पण्डो को भी अवैध शराब निर्माण करने से मना किया गया था।

माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती का हुआ भव्य आयोजन

■ **जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण के लिए जन जागरूकता लाने किया गया आयोजन**

कोरबा/नवप्रदेश। हसदेव नदी और इसकी सहायक नदियों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत नमामि हसदेव सेवा समिति ने 3 जनवरी 2026 (शनिवार) को पौष पूर्णिमा के अवसर पर कोरबा जिले के प्रसिद्ध माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर भव्य हसदेव आरती का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और हसदेव नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

हसदेव नदी के संरक्षण और जल स्रोतों की सफाई के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रतिमाह की भांति इस बार पौष पूर्णिमा के अवसर पर हसदेव आरती का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में श्री भोजराम देवांगन (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ) उपस्थित रहे। इनके साथ ही विशिष्ट यजमान के तौर पर श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल (महामंत्री, चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, कोरबा), श्री विमल कुमार जोशी (अध्यक्ष, मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति, कोरबा), श्री मनीष जैन (सचिव, जैन मिलन समिति, कोरबा) और श्री विद्यानंद पाण्डेय (प्राचार्य, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीतामढ़ी, कोरबा) ने भी इस पवित्र आयोजन में भाग लिया।मुख्य यजमान श्री भोजराम देवांगन ने अपने उद्बोधन में समिति के इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हसदेव नदी के संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे, ताकि आने वाली पीढियाँ इस नदी का भरपूर उपयोग कर सकें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि नदी का पानी शुद्ध और स्वच्छ बने, जिससे क्षेत्र में जल संकट की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किए गए इस आयोजन से न केवल नदी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैल रही है, बल्कि यह नागरिकों को एकजुट करने और जल स्रोतों के महत्व को समझाने का भी एक शानदार प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विशिष्ट यजमानों ने भी हसदेव नदी के संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने का संदेश दिया और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे भी इस पुण्य अवसर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।समिति द्वारा आने वाले दिनों में इस प्रकार के आयोजन और बड़े स्तर पर किए जाएंगे, ताकि हसदेव नदी को बचाने की मुहिम को और बढ़ावा मिल सके। नमामि हसदेव सेवा समिति के इस आयोजन ने क्षेत्रवासियों के बीच हसदेव नदी और जल स्रोतों के महत्व को एक नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान किया है। अब यह सुनिश्चित करने की आवश्कता है कि सभी लोग इसे अपनी जिम्मेदारी समझें और अपना-अपना योगदान देने के लिए प्रेरित हों।

पीवीटीजी गांव में ग्रामीणों के बीच कलेक्टर की लगी चौपाल

■ **शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण कर जाना वहाँ का हाल**

कोरबा/नवप्रदेश। नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नए साल की शुरुआत के साथ ही आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के दूरस्थ व अंतिम छोर के गाँवों में जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की स्थितियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने जिले की पहचान विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं-बिरहोर बाहुल्य गाँव गुडरुमुड़ा में चैपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गुडरुमुड़ा, पोड़ी उपरोड़ा, ऐतमानगर, गुरसिया, सालिहां भाठा, लैंगा और अंतिम छोर पर स्थित पसान तक जाकर आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, बालिका आवासीय छात्रावास, एकलव्य आवासीय विद्यालय, धान खरीदी केंद्र, ऐतमानगर जलप्रदाय योजना, निर्माणाधीन वॉटर फीडर टैंक, निर्माणाधीन पीएम जनमन सड़क, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन विद्यालय भवन, शिक्षकों के आवासीय भवन का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री मनोज बंजारे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे

कलेक्टर ने गुडरुमुडा में पीएम जनमन आवास की जानकारी लेते हुए सभी आवासों में पीएम सूर्यघर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि घरों तक सर्विस वायर लगाकर मीटर भी लगाएं। कलेक्टर ने यहाँ बन रही पीएम जनमन सड़क के अधूरे कार्य को 10 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहाँ सरपंच सहित ग्रामीणों को कलेक्टर ने जागरूक रहकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने और नशे से दूर रहकर शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने पीएम जनमन आवास के हितग्राही के आवास और वहाँ स्थापित पीएम सूर्यघर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना के फायदे बताते हुए कहा कि इससे अधिक बिजली बिल से मुक्ति मिलने के साथ हितग्राही बिजली का उत्पादन कर दूसरे को बेच भी सकते हैं।

पीवीटीजी ग्राम गुडरुमुड़ा की समस्याएं होंगी दूर

कलेक्टर श्री दुदावत ने पीवीटीजी ग्राम गुडरुमुड़ा में ग्रामीणों के बीच चैपाल लगाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और चर्चा करते हुए समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिलाओं से महतारी वंदन योजना, उचित मूल्य की दुकान में खाद्यान्न मिलने, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने राशन दुकान में खराब चावल मिलने की शिकायत की तो कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए। बिरहोर जनजाति की महिला रति बाई ने अपनी सुपुत्री की शारीरिक समस्या बताते हुए उपचार की मांग की तो कलेक्टर ने सोमवार को उसे जिला अस्पताल भेजकर इलाज कराने के निर्देश दिए।

विधायक सुश्री उसेण्डी ने बंधा तालाब का किया निरीक्षण

सोमवार से प्रारंभ होगा स्वच्छता अभियान

कोण्डागांव /नवप्रदेश। नगर के मध्य स्थित बंधा तालाब को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को प्रातः 10 बजे से व्यापक सफाई अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने रविवार को कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के साथ बंधा तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा सफाई एवं संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।विधायक सुश्री उसेण्डी ने तालाब में शहर के विभिन्न वार्डों से आ रहे गंदे पानी की निकासी को रोकने एवं स्थायी समाधान के रूप में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री दिनेश डे सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सफाई अभियान में श्रमदान की अपील

बंधा तालाब में प्रारंभ हो रहे सफाई अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा नगरवासियों से श्रमदान की अपील की गई है। नगर पालिका ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्वेच्छा से इस अभियान में सहभागी बनकर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दे सकते हैं।

उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों लिए सतर्क रहना आवश्यक

कोरबा/नवप्रदेश। छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा द्वारा प्रतिमाह कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर 2025 को ग्राम पंचायत नकटीखार में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की जानकारी दी गई। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि उपभोक्ता कौन है व उपभोक्ता के अधिकार क्या है? उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए।

पंचायत स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता आयोजन का समापन

अंतागढ़/ नवप्रदेश। ग्राम आमागांव में पंचायत स्तरीय दो दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता आयोजन दिनांक 30.12.2025 से 31.12.2025 तक किया गया ग्राम पंचायत आमागांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय महिला-पुरुष ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

जिसमें पंचायत के सभी पांचों ग्राम आमागांव .चिपोंडी. मुरनार .चिंगनार. सिरसांगी के अधिक से अधिक ग्रामीण भाग लिए इस प्रतियोगिता में महिला व पुरुषों के लिए कबड्डी, 100 मीटर दौड़, रस्सी खींच, मटका फोड़, कुर्सी दौड़, आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें महिला कबड्डी में पंचायत वार्ड पंचों ने प्रथम स्थान और आमागांव कलार पारा द्वितीय स्थान रहे पुरुष वर्ग कबड्डी आमागांव कलार पारा प्रथम और चिंगनार द्वितीय स्थान रहे और क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आमागांव और दूसरे स्थान कोलर रहा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच द्रोपती ध्रुव विशिष्ट अतिथि बिरसिंह मंडावी राजमन राना उप सरपंच सुरेंद्र मंडावी वार्ड पंच भुनेश्वर कोठारी, उमेश धनेलिया,गंगाराम कुंजाम, रामनाथ मरकाम, हरीश मंडावी, राजेश्वरी जैन, गायत्री नाग, अनसुईया बुई, सनोती ध्रुव, शांति मरकाम, हिराय मरकाम, महेश्वरी मंडावी, पार्वती मंडावी, रमोबाई जैन सचिव कल्ली राम कोमरा, कुंवर सिंह ध्रुव,आदि।

निम्न प्रतियोगिता पर पुरुस्कार की राशि रखी गई थी

■ महिला वर्ग में -

कबड्डी प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय 1500
रस्सी खींच प्रथम पुरस्कार 1000, द्वितीय 500
दौड़ 100 मी. प्रथम पुरस्कार 500, द्वितीय 250
मटका फोड़-प्रथम 500, द्वितीय 250
कुर्सी दौड़ प्रथम 500, द्वितीय 250

■ पुरूष वर्ग में

कबड्डी प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय पुरस्कार 1500
रस्सी खींच प्रथम 1000, द्वितीय 500
दौड़ 100 मी. प्रथम पुरस्कार 500, द्वितीय 250
मटका फोड़-प्रथम 500, द्वितीय 250
कुर्सी दौड़ प्रथम 500, द्वितीय 250

पेज 1 का शेष

संगम तट पर कल्पवास शुरू...

पांच में मेजा के देवी प्रसाद मिश्र पत्नी राज कुमारी के साथ कल्पवास कर रहे हैं। देवी प्रसाद ने बताया कि महाकुम्भ में कल्पवास का संकल्प लिया था। स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण इस बार लगा कि कल्पवास का संकल्प अधूरा रह जाएगा। लेकिन बहू डिंपल ने साहस बढ़ाया और सेवा करने के लिए बच्चों के साथ वह खुद साथ में आ गयीं। उन्होंने बताया कि सुबह चार बजे स्नान किया। घाट पर मां गंगा को पूड़ी, मिष्ठान अर्पित कर हवन-पूजन किया। भजन-कीर्तन व सत्संग में मन इतना रम गया कि घर-गृहस्थी की चिंता खत्म हो गयी। अन्नपूर्णा मार्ग पर कल्पवास कर रहे शिकरो कोरांव के रहने वाले ज्ञान शंकर के साथ उनका बेटा और पौत्र भी सेवा करके पुण्य प्राप्त कर रहे हैं।

बड़ा हादसा टला: एअर...

जांच करने पर एयरक्राफ्ट के इंजन से फ्यूल लीकेज की पुष्टि हुई है।

3 घंटे 40 मिनट बाद दूसरे विमान से पैसेंजर्स को भेजा

एअर इंडिया की ओर से पैसेंजर्स के लिए ऑप्शनल एयरक्राफ्ट उपलब्ध कराया। करीब 4 घंटे की देरी के बाद रात 11:35 बजे दूसरे एयरक्राफ्ट से सभी पैसेंजर्स को मुंबई के लिए रवाना किया गया। एअर इंडिया के साथ ही जयपुर एयरपोर्ट की तकनीकी टीम ने प्रभावित एयरक्राफ्ट की जांच शुरू कर दी है, और फ्यूल लीकेज के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

2 महीने पहले वाराणसी में इंडिगो फ्यूल लीक हुआ, पायलट का मेडे कॉल

इससे पहले 2 महीने 23 अक्टूबर को इंडिगो की फ्लाइट में फ्यूल लीक होने के चलते वाराणसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई थी। जिस समय विमान का फ्यूल लीक होने लगा, विमान करीब 36000 फीट ऊंचाई पर उड़ रहा था। पायलट ने वाराणसी सीमा में घुसते ही ATC (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) को मेडे मैसेज दिया और फिर लैंडिंग की।

पीएम मोदी ने...

के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची। सुरक्षा के कड़े इंतजाम संघ प्रमुख के आगमन को लेकर रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मुस्तैद रहे। ट्रेन से उतरने के बाद मोहन भागवत कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से सीधे वृंदावन के लिए रवाना हो गए। वृंदावन में संघ की महत्वपूर्ण कार्यकारिणी की बैठक 5 जनवरी से शुरू होकर 11 जनवरी तक चलेगी। संघ प्रमुख इस दौरान 10 जनवरी तक वृंदावन में ही प्रवास करेंगे। सूत्रों के अनुसार, इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आने की संभावना है।

बड़ी उपलब्धि: पालक...

जोड़ा गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में आयोजित परीक्षा पे चर्चा मेला से एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन दर्ज हुए, जबकि इससे पहले प्रतिदिन औसत पंजीयन लगभग 1500 के आसपास था। पिछले प्रयासों के रूप में आयोजित शिक्षक-पालक सम्मेलन और मेगा पीटीएम ने भी अभिभावकों की सजगता और सहभागिता को नई दिशा दी है।

परीक्षा पे चर्चा से जुड़े प्रेरक अनुभव भी लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले वर्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुई कु. युक्तामुखी ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों से पंजीयन कर अपने प्रश्न पूछने की अपील की है। उनका प्रेरक संदेश विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास और सक्रिय सहभागिता की भावना जागृत कर रहा है।

परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त की गई यह उपलब्धि पूरे राज्य के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा परीक्षा को तनाव नहीं बल्कि उत्सव के रूप में मनाने का जो संदेश दिया गया है, उसे छत्तीसगढ़ ने दिल से अपनाया है। कुल पंजीयन में देश में चौथा स्थान और पालक सहभागिता में प्रथम स्थान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि हमारे यहां अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ी है और वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए आगे आ रहे हैं।

नोएडा में 1000 से...

उनकी पेंशन अस्थायी तौर पर रोक दी गई है। पीएफ पेंशन के लिए जीवन प्रमाण पत्र अपडेट कराने के कई आसान तरीके हैं, जिनमें घर बैठे अपने मोबाइल से फेस ऑथेंटिकेशन करके इस प्रक्रिया को पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा बैंक, पोस्ट ऑफिस या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कार्यालय में जाकर भी इस प्रक्रिया को पूरा किया जा सकता है।

कोहरे और कड़ाके की

रिकॉर्ड तोड़ ठंड का सीजन

इस बार नवंबर और दिसंबर में प्रदेश ने ठंड के पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं। नवंबर में 84 साल और दिसंबर में 25 साल का रिकॉर्ड टूटा। विशेषज्ञों का कहना है कि जनवरी भी इसी तरह कड़ाके की ठंड वाला महीना साबित हो सकता है और कुछ इलाकों में मावठे की बारिश के भी आसार बन सकते हैं।

राज्यपाल पटेल से सीएम यादव

के दावोस में होने जा रही है। इसका विषय ए स्पिरिट ऑफ डायलॉग और अनलॉकिंग न्यू सोर्सेस ऑफ ग्रोथ है। इसमें प्रदेश में पीथमपुर जैसे ऑटो क्लस्टर्स की औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट और रीवा अल्ट्रा मेगासोलर प्रोजेक्ट से राज्य की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) द्वारा किसानों के लिए सोलर पंप योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में यह योजना प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना% प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना% के नाम से संचालित है। प्रदेश के 33 हजार किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने के लिए कार्यादेश हो चुके हैं। करीब 34 हजार 600 लेटर ऑफ अवॉर्ड भी इकाइयों को प्रदान किए जा चुके हैं। इस योजना से प्रदेश के 52 हजार किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्यपाल श्री पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसमें देश-दुनिया के आए 120 विद्वानों के व्याख्यान, स्वामी रामभद्राचार्य महाराज भी इसमें शामिल हुए हैं। श्रीराम भक्तों ने 28 हजार से अधिक सुंदरकांड के पाठ किए। इसमें 25 सेशन होंगे, जिसमें देश-विदेश के 60 वक्ता के विचार सुनेंगे। उन्होंने बताया कि जबलपुर में ही 2 जनवरी को गीता भवन का लोकार्पण हुआ। प्रदेश का पहला गीता भवन इंदौर में लोकार्पित हो चुका है। पूरे प्रदेश मे सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं जो सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र बनेंगे। राज्यपाल श्री पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, मुख्यमंत्री के सचिव श्री आलोक कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क श्री दीपक कुमार सक्सेना सहित लोकभवन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

नौगांव में एक रात में पारा 8.3 डिग्री लु?का

सर्द हवाओं की वजह से सर्दी भी तेज हो गई है। छतरपुर के नौगांव में बीती रात पारा 2.5 डिग्री पर पहुंच गया। एक ही रात में पारा 8.3 डिग्री लु?का। वहीं, राजग? में 5 डिग्री, दतिया में 5.1 डिग्री, पचम?ी में 6.4 डिग्री, शिवपुरी में 7 डिग्री, रतलाम में 7.4 डिग्री, श्योपुर-मंडला में 7.6 डिग्री, खजुराहो में 8 डिग्री, खंडवा में 9 डिग्री, गुना में 9.1 डिग्री, धार में 9.2 डिग्री और उमरिया में पारा 9.4 डिग्री रहा। प्रदेश के पांच ब? शहरों में ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 6.4 डिग्री पहुंच गया। भोपाल में 10.8 डिग्री, इंदौर में 11.8 डिग्री, उज्जैन में 11.4 डिग्री और जबलपुर में 11 डिग्री दर्ज किया गया।

इस बार क?ाके की ठंड का दौर

इस बार मध्यप्रदेश में नवंबर-दिसंबर की सर्दी ने रिकॉर्ड तो? दिया। नवंबर में 84 साल में सबसे ज्यादा ठंड प?ी तो दिसंबर में 25 साल का रिकॉर्ड टूटा। मौसम विभाग ने नवंबर-दिसंबर की तरह ही जनवरी में भी क?ाके की ठंड प?ने का अनुमान जताया है। एक्सपर्ट की माने तो जनवरी में प्रदेश में माइनस वाली ठंड गिर चुकी है। अबकी बार भी तेज सर्दी, घना

न्यूज गैलरी

अमेरिका ने वेनेजुएला पर किया बड़ा हमला, नेवी बेस और रक्षा मंत्री का घर तबाह

वॉशिंगटन । अमेरिका और वेनेजुएला के बीच चल रहा तनाव अब एक भीषण संघर्ष में बदल गया है। अमेरिका ने शनिवार तड़के वेनेजुएला की राजधानी काराकास में एक बड़े मिलिट्री ऑपरेशन को अंजाम दिया है। पेंटागन के निर्देश पर अमेरिकी सेना ने काराकास स्थित नेवी बेस पर हवाई हमला किया है। रिपोर्टों के मुताबिक, शहर में एक के बाद एक 7 जोरदार धमाके सुने गए, जिससे पूरी राजधानी दहल उठी।स्काई न्यूज अरेबिया ने दावा किया है कि इस हमले में सिर्फ सैन्य ठिकानों को ही नहीं, बल्कि वेनेजुएला के रक्षा मंत्री के आवास को भी निशाना बनाया गया है। शनिवार तड़के करीब 2 बजे हुए इन हमलों के बाद काराकास के आसमान में धुएं के विशाल गुबार उठते देखे गए। सीएनएन की टीम ने मौके से रिपोर्ट दी है कि पहला धमाका स्थानीय समयानुसार रात करीब 1:50 बजे हुआ। सीएनएन की संवाददाता ओसमारी हर्नांडेज ने बताया, धमाका इतना जोरदार था कि मेरी खिड़की तक हिल गई। इन हमलों के तुरंत बाद काराकास के कई इलाकों में बिजली गुल हो गई (ब्लैकआउट) और आसमान में कई लड़ाकू विमान उड़ते देखे गए। धमाकों की आवाज से दहशत में आए लोग रात को ही अपने घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए। इस हमले की पृष्ठभूमि लंबे समय से तैयार हो रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार चेतावनी दी थी कि वेनेजुएला में सक्रिय कथित ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ अमेरिका सख्त कार्रवाई करेगा।

देश का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार! पूर्व मेयर को सुनाई मौत की सजा

बीजिंग। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के तहत एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया को चौंका दिया है। चीन के हाइहौ शहर के पूर्व मेयर झांग छी को बड़े भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाए जाने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। जांच के दौरान उसके घर से जो कुछ बरामद हुआ, उसने सभी को हैरान कर दिया। एक न्यूज वेबसाइट 'जामिन' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, जब जांच एजेंसियों ने पूर्व मेयर के अपार्टमेंट पर छापा मारा तो वहां से करीब 13,500 किलोग्राम सोना और लगभग 3,400 करोड़ भारतीय रुपये के बराबर युआन नकद बरामद किए गए। इतनी बड़ी मात्रा में नकदी और सोना किसी सरकारी अधिकारी के घर से मिलना चीन के इतिहास में बेहद दुर्लभ माना जा रहा है। इसके अलावा, चीन और विदेशों में स्थित उसकी लग्जरी रियल एस्टेट संपत्तियां और महंगी कारों का कलेक्शन भी जब्त किया गया। जांच में सामने आया कि वर्ष 2009 से 2019 के बीच झांग छी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी ठेके दिलाने और जमीन से जुड़े सौदों को मंजूरी देने के बदले योजनाबद्ध तरीके से रिश्वत ली। इस दौरान उसने अवैध रूप से सैकड़ों अरब रुपये की संपत्ति जमा की।

उत्तराखंड के गंगोत्री में तापमान -22°C , नदी-झरने जमे: राजस्थान के 14 जिलों में कोहरा

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को तापमान शून्य से नीचे चला गया। उत्तरकाशी के गंगोत्री क्षेत्र में न्यूनतम तापमान माइनस 22 डिग्री पहुंचने से भागीरथी नदी जम गई। राजस्थान में रविवार को 5 जिलों में शीतलहर और 9 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन पारा 0 डिग्री पहुंचा। मध्य प्रदेश के भोपाल में सर्दी के इस सीजन में पहली बार पूरे दिन घना कोहरा रहा। 11 शहरों में दिन का तापमान 20 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 15 दिन शीतलहर का अलर्ट है। दिल्ली में रविवार सुबह कोहरा छाया रहा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स में देरी हुई। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ढ्ढ) ने कहा कि उत्तर भारत में घने कोहरे के चलते कई एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। 3पैसेंजर्स को सलाह दी जाती है कि एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें।

दक्षिणी मैक्सिको में 6.5 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस हुआ

मैक्सिको में भूकंप से दो की मौत और 12 घायल, राष्ट्रपति भवन कराया गया खाली

मेक्सिको सिटी। 2026 के दूसरे ही दिन शक्तिशाली भूकंप से दक्षिणी मैक्सिको दहल उठा। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी मैक्सिको में 6.5 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस हुआ। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए।स्टेट गवर्नर एवलिन सालगाडो ने बताया कि शुक्रवार को आए इस भूकंप का केंद्र गुएरेरो था। गुएरेरो राज्य में भूकंप के असर से एक घर ढह गया, जिसमें 50 साल की महिला की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने म्युनिसिपैलिटी के एक ऑफिशियल बयान के हवाले से बताया कि भूकंप के बाद लोगों को बचाए जाने के दौरान बेनिटो जुआरेज म्युनिसिपैलिटी में 60 साल का एक बुजुर्ग ठोकर लगकर गिर गया और बाद में उसकी मौत हो गई। मैक्सिको सिटी की सरकार की प्रमुख क्लारा ब्रुगाडा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भूकंप रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल को एक्टिवेट करने के बाद 12 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। इसके साथ ही अलग-अलग इलाकों में बिजली सप्लाई सेवा बाधित हो गई है। इसकी 18 शिकायतें भी मिली हैं।उन्होंने कहा कि दो इमारतों के गिरने के खतरे की जांच की जा रही है और बचाव के तौर पर 34 इमारतों और पांच घरों की जांच की जा रही है। राष्ट्रपति क्लॉडिया शीनबाम को हर रोज की तरह सुबह की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रपति भवन खाली करना पड़ा। मैक्सिको की नेशनल सीस्मोलॉजिकल सर्विस ने कहा कि भूकंप स्थानीय समय के हिसाब से सुबह 7:58 बजे आया, जिसका केंद्र दक्षिणी राज्य गुएरेरो में सैन मार्कोस से लगभग 4 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। भूकंप की गहराई लगभग 5 किलोमीटर रही। मैक्सिको सिटी में सड़कों पर लगे लाउडस्पीकरों से झटके महसूस होने से कई सेकंड पहले सीस्मिक अलर्ट सुनाया गया। इसके अलावा सोनोरा, बाजा कैलिफोर्निया और ओक्साका राज्यों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता मध्यम से लेकर काफी थी।

एआई बदलेगा टेक जगत का खेल, खुद फैसले लेकर करेगा काम

नई दिल्ली। साल 2026 को लेकर टेक्नोलॉजी जगत में बड़े ही जोर-शोर से चर्चा चल रही है। माना जा रहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के मामले में यह साल एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। जिस तरह से एआई तेजी से रोजमर्रा की जिंदगी, कामकाज और इंडस्ट्री का हिस्सा बनता जा रहा है, उससे साफ है कि आने वाला समय केवल तकनीकी बदलाव का नहीं, बल्कि सोच और काम करने के तरीके में बड़े बदलाव का होगा।

अब तक लोग एआई से सवाल पूछते थे और वह जवाब देता था, लेकिन 2026 में 'एजेंटिक एआई' का दौर शुरू होने की उम्मीद है। ऐसा एआई जो खुद फैसले लेकर काम भी करेगा। उदाहरण के तौर पर, अगर आप कहेंगे कि अगले हफ्ते की मुंबई ट्रिप प्लान करनी है तो एआई अपने आप होटल बुक करेगा, फ्लाइट के विकल्प देखेगा और आपके कैलेंडर के हिसाब से मीटिंग्स को री-शेड्यूल भी कर देगा। बिजनेस की दुनिया में भी ऐसे टास्क-स्पेसिफिक एआई एजेंट्स का इस्तेमाल तेजी से बढ़ेगा, जो बिना इंसानी दखल के कई फैसले ले सकेंगे।

2026 तक ऑन-डिवाइस एआई का चलन बढ़ने की उम्मीद है। अभी ज्यादातर एआई मॉडल क्लाउड पर चलते हैं, लेकिन आने वाले समय में स्मार्टफोन और लैपटॉप इतने ताकतवर हो जाएंगे कि बड़े एआई मॉडल लोकल डिवाइस पर ही चल सकेंगे। इससे एक बड़ा फायदा यह होगा कि यूजर का डेटा डिवाइस से बाहर नहीं जाएगा और बिना इंटरनेट के भी एआई तेजी से काम कर सकेगा।

एआई अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहेगा। 2026 में फिजिकल एआई और रोबोटिक्स का मेल देखने को मिलेगा। वेयरहाउस, फैक्ट्रियों और यहां तक कि घरों में भी स्मार्ट रोबोट्स दिखाई दे सकते हैं, जो इंसानों जैसी कुशलता से काम करेंगे। डिलीवरी ड्रोन और रोबोटिक टैक्सियों का इस्तेमाल बड़े शहरों में आम होने लगेगा।

इतना ही नहीं, एआई मॉडल हिंदी, तमिल, बंगाली जैसी भारतीय भाषाओं में कहीं ज्यादा सटीक और सहज हो जाएंगे।

खेल,व्यापार, मनोरंजन

डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर्स : वत्सल और हंसिनी ने किया उलटफेर, टॉप सीड को हरा क्वार्टर फाइनल में पहुंची

वडोदरा। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर्स 2026 में शुक्रवार को वत्सल डुकलान और हंसिनी मथन ने बड़ा उलटफेर करते हुए क्रमशः लड़कों के अंडर 17 और लड़कियों के अंडर 17 के टॉप सीड को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

सामा इंडोर स्टेडियम में वत्सल डुकलान ने लड़कों के सिंगल्स प्री-क्वार्टर फाइनल में टॉप सीड ऋत्विक गुप्ता को 4-11, 11-5, 11-7, 18-16 से शिकस्त दी, जबकि लड़कियों के सिंगल्स राउंड ऑफ 16 में हंसिनी मथन ने 1-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन दिव्यांशी भौमिक को 5-11, 11-9, 9-11, 11-7, 11-4 से मात दी। लड़कों के अंडर 17 सिंगल्स में दूसरे सीड आदित्य दास भी दूसरे राउंड में सोहम मुखर्जी से हारकर बाहर हो गए, जिन्होंने फिर राउंड ऑफ 16 में ऋषिकेश जगताप को 8-11, 11-5, 11-9, 10-12, 11-7 से हराया। वेद पंचाल को प्री-क्वार्टर फाइनल में साहिल रावत के खिलाफ 3-11, 4-11, 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। भारत में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का दूसरा एडिशन शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 लड़कों और लड़कियों की सिंगल्स प्रतियोगिताओं के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 प्रतियोगिताएं होंगी। लड़कियों के अंडर-17 सेक्शन में जापान की दूसरी सीड मिकू मात्सुशिमा और भारत की सिंड्रेला दास ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राउंड ऑफ 16 में मात्सुशिमा ने भारत की सुकृति शर्मा को 11-7, 11-2, 11-6 से मात दी, जबकि सिंड्रेला ने इंदिरा सेन को 11-6, 11-6, 9-11, 11-6 से हराया। नैशा रेवास्कर और तनिष्का कालभैरव ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली है। नैशा ने आरोही रॉय को 11-5, 11-3, 11-7 से हराया, जबकि तनिष्का ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अंकोलिका चक्रवर्ती को 5-11, 11-8, 11-9, 12-10 से मात दी। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दोनों एक-दूसरे का सामना करेंगी। इससे पहले, डिफेंडिंग चैंपियन दिव्यांशी भौमिक, सिंड्रेला दास, जापान की मिकू मात्सुशिमा और उभरती हुई स्टार तनिष्का कालभैरव ने शुक्रवार को ग्रुप स्टेज में आसान जीत के साथ अपने अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स कैंपेन की बेहतरीन शुरुआत की।

बॉर्डर-2 : वरुण धवन ने बिना नाम लिए दी पाकिस्तान और बांग्लादेश को चेतावनी



23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म बॉर्डर-2 का क्रेज सोशल मीडिया पर बना हुआ है। शुक्रवार को फिल्म का आइकॉनिक गाना घर कब आओगे जैसलमेर में तनोट माता मंदिर के पास लॉन्च किया गया। जहां बीएसएफ के जवानों को सम्मानित भी किया गया, लेकिन सॉन्ग लॉन्च के दौरान वरुण धवन ने बिना किसी का नाम लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो देश दूसरे देश को आजादी दिला सकता है, वो अपनी आजादी के लिए भी लड़ सकता है। बॉर्डर-2 के आइकॉनिक गाने घर कब आओगे के सॉन्ग लॉन्च पर अभिनेता वरुण धवन पूरे जोश के साथ दिखे। उन्होंने लॉन्च पर कहा कि वे बचपन से ही देश की रक्षा में तैनात भारतीय जवानों के साहस पर बनी फिल्म में काम करना चाहते थे। उन्होंने कहा, मैंने बचपन में बॉर्डर देखी थी और तब मुझे पहली बार महसूस हुआ था कि मुझे भी देशभक्ति से भरी फिल्म में काम करना है। इस मंच पर खड़े होकर मैं देख रहा हूं कि हर जगह ऑपरेशन सिंदूर के पोस्टर्स लगे हुए हैं। वैसे तो हमारा देश बहुत अमन, शांति और प्यार वाला देश है, लेकिन कभी-कभी बहुत जरूरी है बॉर्डर-2 जैसी फिल्मों का आना, क्योंकि इससे हमारे देश के जो यूथ हैं, उन्हें हम सबको बता दें कि हमारे देश में वो जज्बा है, वो हिम्मत है, जब-जब हमारी धरती मां को कोई आंख भी उठाकर देखेगा, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं। वरुण ने साल 1971 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के विभाजन का भी जिक्र किया और कहा, अगर हम एक ओर पर 1971 में दूसरे देश को आजादी दिला सकते हैं, तो उसी वक्त हम खुद के फ्रीडम के लिए लड़ भी सकते हैं। ये जज्बा और हिम्मत आज भी हमारी सेना में मौजूद है। अभिनेता ने सभी से फिल्म देखने की अपील की है।इससे पहले सनी देओल भी फिल्म को लेकर इमोशनल नजर आए। उन्होंने बताया कि वे अपने पिता धर्मेंद्र की फिल्म हकीकत को देखकर बहुत प्रेरित हुए थे और उन्होंने फैसला लिया था कि एक फिल्म ऐसी करनी है। बता दें कि साल की शुरुआत में भी भारत सरकार ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया था। वहीं आज बांग्लादेश में भी हालात ठीक नहीं हैं। वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। ऐसे में वरुण धवन ने अपनी फिल्म के जरिए दोनों देशों को कड़ा संदेश दिया है।

अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाने की तैयारी में भारत

इसरो के गगनयान मिशन से बढ़ेगी दुनिया में धाक

नई दिल्ली। साल 2026 मानव अंतरिक्ष उड़ान के इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होने वाला है। इस वर्ष भारत और अमेरिका दो ऐसे ऐतिहासिक मिशनों की तैयारी कर रहे हैं, जो अंतरिक्ष खोज की दिशा और रफ्तार दोनों बदल देंगे। जहां भारत का गगनयान कार्यक्रम देश को स्वतंत्र मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता वाले चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करेगा, वहीं अमेरिका का आर्टेमिस-ढ्ढ मिशन करीब पांच दशक बाद इंसानों को एक बार फिर पृथ्वी की निचली कक्षा से बाहर यानी गहरे अंतरिक्ष की ओर ले जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला बिना मानव वाला ऑर्बिटल टेस्ट मिशन 'जी1' वर्ष 2026 के मार्च के आसपास लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन मानव-रेटेड एलवीएम3 (गगनयान-एमके3) रॉकेट से प्रक्षेपित किया जाएगा और इसे भारत का पहला बड़ा ऑर्बिटल मानव मिशन टेस्ट माना जा रहा है। इस मिशन में 'व्योममित्रा' नामक एक मानवरूपी रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, जिसे इस तरह तैयार किया गया है कि वह अंतरिक्ष यात्रियों जैसी गतिविधियों और प्रतिक्रियाओं का अनुकरण कर सके। गगनयान जी1 को लगभग 300 से 400 किलोमीटर की निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में संचालित किया जाएगा, ताकि मानव मिशन से पहले सभी अहम प्रणालियों की कड़ी जांच की जा सके।गगनयान भारत के लिए केवल एक अंतरिक्ष मिशन नहीं, बल्कि पूरी तरह स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रमाण है। इस मिशन के दौरान जीवन-रक्षा प्रणाली, क्रू मॉड्यूल का सुरक्षित वायुमंडलीय पुनः प्रवेश, पैराशूट आधारित समुद्री रिकवरी, मिशन कंट्रोल और संचार व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों का परीक्षण किया जाएगा।अगर जी1 और इसके बाद होने वाले परीक्षण सफल रहते हैं, तो भारत उन गिने-चुने देशों में शामिल हो जाएगा जो अपने दम पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने और सुरक्षित वापस लाने की क्षमता रखते हैं। इससे भविष्य में भारतीय स्पेस स्टेशन, निजी मानव अंतरिक्ष सेवाओं और व्यावसायिक अंतरिक्ष मिशनों के नए रास्ते खुलेंगे, साथ ही विदेशी निर्भरता भी कम होगी।

एफएआईएफए ने तंबाकू पर बढ़े टैक्स को वापस लेने की मांग की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय किसान संघों का महासंघ (एफएआईएफए) ने सरकार से तंबाकू उत्पादों पर लगाए गए भारी टैक्स वापस लेने और उनमें सुधार की अपील की है। एफएआईएफए का कहना है कि टैक्स को ऐसा रखा जाए, जिससे सरकार की आय पर असर न पड़े और तस्करी भी न बढ़े, साथ ही किसानों को नुकसान न हो। एफएआईएफए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि अगर कर नीति स्थिर और संतुलित रहेगी, तो इससे किसानों की आमदनी बनी रहेगी, रोजगार सुरक्षित रहेगा और लंबे समय में लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े लक्ष्य भी पूरे किए जा सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर तंबाकू से जुड़े कुछ उत्पादों पर 1 फरवरी से नया उत्पाद शुल्क लगाया है। इसके तहत सिगरेट की लंबाई के हिसाब से 1,000 सिगरेट पर 2,050 रुपए से 8,500 रुपए तक टैक्स लगेगा। एफएआईएफए का कहना है कि इतने ज्यादा टैक्स से कंपनियों को अपने उत्पादों की कीमत बढ़ानी पड़ेगी। इससे बिक्री घटेगी और अंत में किसानों से तंबाकू की खरीद कम हो जाएगी। इससे बाजार में तंबाकू ज्यादा होगा और किसानों को नुकसान हो सकता है। एफएआईएफए के अध्यक्ष मुरली बाबू ने कहा कि सरकार ने जीएसटी 2.0 की घोषणा करते समय भरोसा दिया था कि तंबाकू पर कुल टैक्स पहले जैसा ही रहेगा और जीएसटी खुदरा कीमत के 40 प्रतिशत पर ही लगेगा।

जयपुर पहुँचे आशीष चंचलानी, शो 'एकाकी' को मिल रहे प्यार पर मीडिया से की बातचीत

यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर आशीष चंचलानी अपने हाल ही में रिलीज़ हुए शो 'एकाकी' को मिल रहे

जबरदस्त प्यार से काफी उत्साहित नजर आए। शो को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है और रिलीज़ के बाद से ही इसकी चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है। इसी सिलसिले में आशीष चंचलानी अपनी टीम के साथ जयपुर पहुँचे। जयपुर पहुँचने के बाद आशीष चंचलानी ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपने शो 'एकाकी' को मिल रहे प्यार पर खुशी जाहिर की। इस दौरान आशीष के साथ उनकी टीम आकाश डोडेजा, हर्ष राणे, सिद्धांत सरफारे और रोहित साधवानी भी मौजूद रही।

न्यूज गैलरी

अ भा माली समाज विकास परिषद ने सपना-जितेन्द्र साँखला को बनाया म.प्र. महिला प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष

उज्जैन/नवप्रदेश। माली/सैनी समाज में सक्रिय सामाजिक सहभागिता एवं महिलाओं के उत्थान हेतु निरंतर किए जा रहे कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद श्रीमती सपना-जितेन्द्र साँखला, गणेशचौक, नामदारपुरा, उज्जैन को मध्यप्रदेश महिला प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री सुरेन्द्र साँखला की सहमति से किया गया। नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि श्रीमती साँखला परिषद द्वारा घोषित कार्यक्रमों को मध्यप्रदेश में प्रभावी रूप से क्रियान्वित करेंगी तथा भयमुक्त समाजसेवा के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का गठन करेंगी। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही समाजजनों एवं परिषद के पदाधिकारियों ने श्रीमती सपना-जितेन्द्र साँखला को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ समाजहित में सशक्त भूमिका निभाएगा।

श्री स्वामी सेवामार्ग द्वारा उज्जैन में 5 जनवरी को ऐतिहासिक अति-उच्च भस्म लिंगार्चन समारोह का आयोजन

उज्जैन/नवप्रदेश। अखिल भारतीय श्री स्वामी समर्थ सेवामार्ग के प्रमुख परमपूज्य गुरुमाऊली श्री अण्णासाहेब मोरे जी की पावन उपस्थिति में श्रीक्षेत्र उज्जैन में दिनांक 5 जनवरी 2026 को ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के चरणों में राष्ट्र एवं समस्त समाज के कल्याण हेतु ऐतिहासिक अति-उच्च भस्म लिंगार्चन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य एवं विराट आध्यात्मिक सेवा को लेकर समर्थ सेवेकरियों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। गुरुपीठ के उप-प्रबंधक गुरुपुत्र श्री नितीनभाऊ मोरे जी के मार्गदर्शन में समारोह की सुव्यवस्थित एवं व्यापक योजना तैयार की गई है। देशभर से आने वाले लाखों सेवेकरियों के लिए ऐसा नियोजन किया गया है, जिससे वे सभी एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से भस्म लिंगार्चन सेवा में सहभागिता कर सकें। उज्जैन नगरी सप्त मोक्षपुरियों में से एक होने के साथ-साथ शक्तिपीठ भी है। यहां कालों के काल महाकाल ज्योतिर्लिंग स्वरूप में विराजमान होकर भक्तों का कल्याण एवं संरक्षण करते हैं। महाकुंभ पर्व के कारण भी इस क्षेत्र को विशेष आध्यात्मिक महत्त्व प्राप्त है। ऐसे पावन स्थल पर आयोजित होने वाला यह भस्म लिंगार्चन समारोह अपने आप में अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक माना जा रहा है।

कार्यक्रम का विवरण

यह अति-उच्च भस्म लिंगार्चन समारोह बड़नगर रोड स्थित पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में संपन्न होगा। कार्यक्रम के अनुसार 5 जनवरी को प्रातः 8 बजे भूपाली आरती होगी, इसके पश्चात प्रधान संकल्प किया जाएगा। प्रातः 8 बजे से 10:20 बजे तक ऐतिहासिक भस्म लिंगार्चन समारोह संपन्न होगा। प्रातः 10:30 बजे नैवेद्य आरती के पश्चात परमपूज्य गुरुमाऊली श्री अण्णासाहेब मोरे जी का प्रासादिक हितगुज (उपदेश) होगा। अंत में सभी सेवेकरियों को प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

ब्राह्मण समाज ने किया महामंडलेश्वर ज्ञान दास जी महाराज का अभिनंदन

उज्जैन/नवप्रदेश। निर्मोहि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संत श्री ज्ञान दास जी महाराज के सन्यास दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा उनका सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी, सचिव शैलेंद्र द्विवेदी, वीरेंद्र त्रिवेदी, शैलेश दुबे एवं अरविंद उपाध्याय दादूराम आश्रम, सदावल रोड पहुंचे। सभी पदाधिकारियों ने सन्यास दीक्षा दिवस की पूर्व संध्या पर महाराज श्री का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महामंडलेश्वर संत ज्ञान दास जी महाराज सदैव मां शिप्रा के प्रति समर्पित रहे हैं तथा शिप्रा शुद्धिकरण के लिए निरंतर चिंतन और प्रयास करते रहे हैं। उनके संन्यास दीक्षा दिवस के अवसर पर 5 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे रामघाट पर तीर्थपुरोहितों एवं शिष्यों की उपस्थिति में मां शिप्रा का विधिवत पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे सदावल रोड स्थित दादूराम आश्रम पर भक्तगणों एवं समाजजनों द्वारा महामंडलेश्वर ज्ञान दास जी महाराज का संन्यास दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में भव्य अभिनंदन एवं स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

बड़नगर रेलवे स्टेशन पर भगत की कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

रतलाम/नवप्रदेश। यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए बड़नगर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 17606/17605 भगत की कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में माननीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया एवं माननीय विधायक श्री जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन के ठहराव का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भगत की कोठी से चलने वाली गाड़ी संख्या 17606 भगत की कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस का बड़नगर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11.38/11.40 बजे निर्धारित किया गया है। वहीं काचीगुडा से चलने वाली गाड़ी संख्या 17605 काचीगुडा-भगत की कोठी एक्सप्रेस का बड़नगर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 06.05/06.07 बजे होगा। दोनों दिशाओं में इस ट्रेन को बड़नगर स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री अक्षय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ट्रेन के ठहराव की सुविधा मिलने से क्षेत्र के यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।

खेलो इंडिया बीच गेम्स के अंतर्गत दीव में समुद्र किनारे मल्लखंब होगा

खेल जीवन में जीतना एवं हारना दोनों सिखाता है - नारायण यादव

मध्य प्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन ने चयनित खिलाड़ियों का सम्मान किया

उज्जैन/नवप्रदेश। खेल ही एकमात्र ऐसा माध्यम जो विद्यार्थियों को जीवन में जीतना एवं हारना दोनों सिखाता है। जिससे खिलाडी जीवन की हर समस्या को सहजता से खेल - खेल में सुलझाने में समर्थ हो जाता है। उक्त उद्गार मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव ने मध्य प्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन द्वारा खेलो इंडिया बीच गेम्स के लिए चयनित खिलाड़ियों के सम्मान समारोह एवं खिलाड़ियों को चैंपियनशिप के लिए रवाना करते समय मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किये। आपने खेल विभाग, मध्य प्रदेश शासन एवं मल्लखंब एसोसिएशन द्वारा पुरातन भारतीय खेल मल्लखंब के विकास एवं विस्तार के लिए किए जा रहे महनीय कार्यों की सराहना की।

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत सरकार द्वारा 5 से 7 जनवरी तक घोघला बीच, दीव पर द्वितीय खेलो इंडिया बीच गेम्स - 2026 आयोजित किए जा रहे है।

उक्त चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से पूर्व मध्यप्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोरी शरण श्रीवास्तव, सचिव संतोष राठौड़, सह सचिव लीलाधर कहार, मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमेन योगेश मालवीय, विक्रम एवं विश्वामित्र अवार्डी डॉ आशीष मेहता, पार्षद सतीश राठौर द्वारा लोकमान्य तिलक विद्यालय में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर बीच गेम्स हेतु चयनित मल्लखंब दल के खिलाड़ियों को ट्रैकसूट वितरित किए गए।

द्रोणाचार्य अवॉर्डी योगेश मालवीय ने बताया कि विगत 2 वर्षों से खेलो इंडिया बीच गेम्स में नए खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश ऐसे उभरते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है जिन्होंने अभी तक किसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता नहीं की है। खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय,भोपाल द्वारा चयनित टीम में अन्वेषा पांचाल (लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास ,उज्जैन),सुहानी खमरोला (खेल एवं युवा कल्याण विभाग ,इंदौर), भव्या मालवीय (माधव सेवा न्यास ,उज्जैन), तनिष्का शर्मा (लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास ,उज्जैन), छाया भाटी (खेल एवं युवा कल्याण विभाग ,उज्जैन),उन्नति सोलंकी (खेल एवं युवा कल्याण विभाग ,उज्जैन), नैतिक गोमे (लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास ,उज्जैन), अभय शर्मा (खेल एवं युवा कल्याण विभाग ,शाजापुर), गोविन्द जाटव (खेल एवं युवा कल्याण विभाग ,शाजापुर), गुरतेज सिंह (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भोपाल), त्रिलोक गौड़ (खेल एवं युवा कल्याण विभाग ,उज्जैन), राज तावर (गुरु अखाड़ा ,उज्जैन) को सम्मिलित किया गया है। टीम के साथ प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्णिम उपलब्धियां प्राप्त वरिष्ठ खिलाड़ी कुंदन कछावा एवं कु. श्वेता चौहान का चयन किया गया है।

खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के डायरेक्टर रवि गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर बालूसिंह यादव, जिला खेल अधिकारी ओ पी हारोड़ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

'नेतृत्व गजराज की तरह होना चाहिए' – राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी

उज्जैन/नवप्रदेश। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का मध्य प्रदेश प्रांत का 13वां प्रांतीय अधिवेशन ÷प्रेरणाङ्क2025÷ उज्जैन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में बालेश्वर, उड़ीसा से पधारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अंजू जी सरावगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ÷नेतृत्व गजराज की तरह होना चाहिए, जो अपनी शक्ति, धैर्य और दूरदृष्टि से पूरे समूह को सही दिशा प्रदान करे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे श्रीमती तरुश्री मेहता एवं श्रीमती सुधा मुंदड़ा ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण आयोजक महानंदा नगर शाखा की अध्यक्ष श्रीमती सीमा गुप्ता ने दिया। प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी बागड़ी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सभी के सहयोग से विगत दो वर्षों में मध्य प्रदेश में अनेक सेवा कार्य किए गए, जिनकी सराहना पूरे देश में हुई और इसके कारण मध्य प्रदेश का नाम संपूर्ण भारत में रोशन हुआ। उन्होंने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

प्रांतीय सचिव डॉ. रुचिका खंडेलवाल ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीमती संध्या सारडा ने कोष का विस्तृत विवरण रखा।

सम्मान, सहभागिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा अधिवेशन

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अंचल प्रमुख श्रीमती सुमनजी मुंदड़ा, राष्ट्रीय बालविकास प्रमुख श्रीमती इन्दु जी गर्ग एवं श्रीमती अंशु जी गुप्ता उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती राधाजी लड्ढा, श्रीमती शकुंतलाजी खंडेलवाल, श्रीमती मायाजी सिंघल एवं श्रीमती इन्दु सोमानी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मध्य प्रदेश की 26 शाखाओं से लगभग 250 से अधिक पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अधिवेशन में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सभी शाखाओं को उनकी श्रेष्ठ सेवा गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ शाखा, सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ सचिव, सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही सभी शाखाओं द्वारा बैनर प्रस्तुतिकरण भी किया गया।

कार्यक्रम में शिव स्तुति श्रीमती स्मिता बियाणी द्वारा प्रस्तुत की गई। आयोजन को सफल बनाने में महानंदा नगर शाखा की सभी सदस्यों ने उपस्थित रहकर अथक प्रयास किए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती माधुरी सोलंकी एवं श्रीमती रुचिका हरभजनका ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महानंदा नगर शाखा की सचिव श्रीमती भारती नीमा ने किया।

माली समाज ने हर्षोल्लास से मनाई क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की 175वीं जयंती

उज्जैन/नवप्रदेश। अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद द्वारा देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की 175वीं जयंती उर्दूपुरा स्थित समाज की धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सांखला ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की जो अलख जगाई, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे संवेदना की मूर्ति थीं और उनका जीवन संघर्ष एवं सेवा का प्रतीक रहा। मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत विश्वविद्यालय के सीनेट मेंबर श्री गौरव धाकड़ ने अपने संबोधन में सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस दौर में महिला शिक्षकों और महिलाओं की शिक्षा का प्रतिशत मात्र एक प्रतिशत के आसपास था, उस समय शिक्षा के लिए उनका संघर्ष ऐतिहासिक और प्रेरणादायी है। आज उनकी शिक्षा जागृति के कारण ही देश में महिला सशक्तिकरण का विजन साकार हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मोती भाटी ने की। विशेष अतिथि के रूप में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सांखला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री मनीष चौहान, श्रीमती सीमा बागड़ी, अभिषेक देवड़ा, सी.के. सांखला, गोपाल बगरवाल, महेंद्र रामी, श्रीमती सपना सांखला, पार्षद श्री गब्बर भाटी, पूर्व पार्षद श्रीमती गीता रामी, मुन्ना सिंह कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, मोतीलाल राजोरिया, रमेश मामा, बाबूलाल मारोठिया, अशोक सांखला, सत्यनारायण गहलोत, मोहनलाल गहलोत सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती सपना सांखला को परिषद के महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक श्री जितेंद्र पुष्पद को प्रदेश का प्रधान महासचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में भविष्य की राजनीति एवं परिषद के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा भी की गई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोक कलाकार श्री सुधीर सांखला द्वारा किया गया।

जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन चलाया

उज्जैन/नवप्रदेश। युगपुरुष स्वामी विवेकानंद एवं अधिवक्ता मोहम्मद मंसूर आलम की स्मृति मे जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन चलाया गया । अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने विस्तृत जानकारी देते बताय हर सप्ताह की तरह सप्ताह भी सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन इस सप्ताह युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं भूतपूर्व शासकीय अधिवक्ता झालावाड़ मोहम्मद मंसूर आलम की स्मृति में चलाया गया शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र पार्क फव्वारा चौक से समाजसेवी सैयद उस्मान हसन ने किया । . उपसंयोजक नासिर मंसूरी एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया. शहर के विभिन्न मार्गो में जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए । इस अवसर पर जीवन शर्मा, अनुदीप गंगवार, जाहिद नूर एडवोकेट, शिक्षाविद सादिक मंसूरी इंजीनियर सद्दाम हुसैन, डॉ शकील अंसारी, गंगाधर महा शाकिर शेख, रिंकू सिंह आनंद. डॉ सउद नागोरी, परवेज मंसूरी, शरीफ खान, इकबाल उस्मानी ने जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए । समाजसेवी उस्मान हसन ने अपने उद्बोधन में कहा संस्था द्वारा इस सर्द मौसम में जरूरतमंदों के लिए कंबल उपलब्ध कराना एक सराहनीय कार्य है । संस्था द्वारा लगातार चौथे सप्ताह नेकी का वाहन चलाया गया संस्था का यह सार्थक कदम है । उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने महाकाल मंदिर में भस्म आरती में किए दर्शन

उज्जैन/नवप्रदेश। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी सुश्री क्रांति गौड़ ने रविवार को प्रातःकालीन भस्म आरती के दौरान विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भस्म आरती में सम्मिलित होकर उन्होंने बाबा महाकाल की विधिवत पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एस.एन. सोनी द्वारा सुश्री क्रांति गौड़ का स्वागत एवं सम्मान किया गया। मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें बाबा महाकाल का प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। महाकाल मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और कई भक्तों ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

तीन दिवसीय सिन्धी लोक साहित्य कार्यशाला का हुआ समापन

उज्जैन/नवप्रदेश। सिन्धी लोक साहित्य के विभिन्न आयामों पर मध्यप्रदेश सिन्धी साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का बीते रोज समापन हुआ।अकादमी निदेशक राजेश कुमार वाधवानी ने बताया कि कार्यशाला के अंतिम दिवस तीन बिंदुओं पर चर्चा हुई।सन्त शिरोमणि हिरदाराम गौरव सम्मान से सम्मानित भोपाल से पधारे भगवान बाबाणी ने सिन्धी बोली में प्रचलित मुहावरों,कहावतों और पहेलियों की जानकारी देते हुए बताया कि अन्य भाषाओं और बोलियों की तरह सिन्धी में भी इनकी प्रचुरता है और इन पर बहुत शोध कार्य भी हुआ है, वास्तव में मुहावरे और कहावतें किसी भी बोली और भाषा का श्रृंगार ही हैं, हमें सामान्य बोलचाल की भाषा में यथासंभव इनका उपयोग अवश्य करना चाहिए ताकि ये एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक हस्तांतरित हो सकें। इसके अलावा सिन्धी लोक पर्व परम्परा पर चर्चा का आरम्भ डॉ. कमला गोकलानी ने किया,उन्होंने बताया कि हमारी पर्व परम्परा का आधार वैज्ञानिक है फिर चाहे वो सामाजिक परम्पराएं हों या धार्मिक परम्पराएं।पर्व परम्परा, रीति रिवाज और लोक विश्वासों के पीछे छिपी वैज्ञानिक मान्यताओं और आधार का ज्ञान हम सभी को होना चाहिए क्योंकि ये हमारी लोक संस्कृति का प्रमुख अंग हैं।इसके बाद डॉ. कमला गोकलानी और हर्षा मूलचंदानी ने अन्य संस्कृतियों और सिन्धी संस्कृति के बीच संबंध के बारे में अपने विचार व्यक्त किए,उन्होंने कहा कि यूं तो भारत के विभिन्न समाजों की संस्कृतियों में आपस में संबंध है लेकिन सिन्धी संस्कृति का कच्छ की संस्कृति से घनिष्ठ संबंध परिलक्षित होता है,दोनों ही संस्कृतियों की भाषा, भोजन,आभूषण,गीत संगीत आदि में कई समानताएं मिलती हैं।कार्यशाला में इन बिंदुओं के अलावा सिन्धी लोक नाट्य,सिन्धी नृत्य शैली, लोक कथा-कहानियां,

लोकगीत सहित लोक साहित्य के अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।समापन से पूर्व अंतिम सत्र में प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए सहभागियों ने इन बिंदुओं के आधार पर अपनी प्रस्तुति भी दी।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नं. 03 नेशनल प्रेस एरिया लिंक रोड नं. 3 से मुद्रित कर ई -2/237 अरेरा कॉलोनी भोपाल से प्रकाशित मो. 9425237314 Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)